मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 33 – 23 |
| आर्द्रता | 64% |
| सूर्योदय: 5:06 | सूर्यास्त: 18:02 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : शब्द मुंह से और रिश्ता जिंदगी से निकलने पर कीमत का पता चलता है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 71 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया –पृष्ठ 7




# भारत के हमले की आहट, पाकिस्तान में घबराहट

**जम्मू :** जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में 26 हिन्दुओं के नरसंहार के बाज भारत और पाकिस्तान जंग की कगार पर पहुंच गए हैं। भारत जहां पाकिस्तान को उसकी कारगुजारियों का सबक सिखाने के लिए प्लान बना रहा है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की। 7 लोक कल्याण मार्ग पर स्थित पीएम आवास में दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक बातचीत हुई। इस पहले रविवार देर रात भी दिल्ली में पीएम आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की थी। करीब 45 मिनट तक चली बैठक से पहले तीनों सेना की कमान संभालने वाले सीडीएस अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। वहीं बीएसएफ के डीजी ने भी गृह मंत्रालय पहुंचकर गृह सचिव से मुलाकात की थी। इस मुलाकातों से अटकलें तेज हो गई है कि भारत जल्द ही पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कदम उठा सकता है। उधर पाकिस्तान भी सीमा पर लगातार ही उकसावे वाली हरकत कर रहा है। पाक आर्मी की तरफ से एलओसी पर एक बार फिर से गोलीबारी की गई है। कुपवाड़ा और पुंछ के इलाकों में यह फायरिंग छोटे हथियारों से की गई, जिसका भारतीय सेना ने भी माकूल जवाब दिया है। इस बीच खबर है कि भारत के ऐक्शन की खबर से घबराए पाकिस्तानी पीपल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने अपने परिवार को विदेश भेज दिया है। पता चला है कि बिलावल का परिवार कनाडा पहुंच गया है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर भी अपने परिवार को पाकिस्तान से बाहर भेज चुके हैं।



फाईल फोटो

**प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच हुई अहम मुलाकात, करीब 40 मिनट तक हुई बात**

## पीओके में आतंकियों से खाली कराए लॉन्च पैड, बंकरों में किया शिफ्ट

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों को लॉन्च पैड से निकालकर आर्मी शेल्टर्स में शिफ्ट किया जा रहा है। पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों से कहा है कि वे या तो आर्मी शेल्टर या फिर बंकरों में चले जाएं। पीओके स्थित सभी लॉन्च पैड को खाली करने को कहा गया है। सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि, पीओके में स्थित लॉन्च पैड से गाइड के जरिए आतंकी जम्मू–कश्मीर की सीमा में दाखिल होते हैं। हाल फिलहाल में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने कुछ लॉन्च पैड की पहचान की थी, जिनमें से इन लॉन्च पैड से आतंकियों को शिफ्ट किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि केल, सारडी, दुधनियाल, अथमुकम, जुरा, लीपा, पछिबन, फॉरवर्ड कहुटा, कोटली, खुइरत्ता, मंधार, निकैल, चमनकोट और जानकोटे में कुछ लॉन्च पैड हैं, जहां हमेश आतंकी मौजूद होते हैं।

## सरकार ने 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल को 'ब्लॉक' किया

**नयी दिल्ली :** भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री के साथ–साथ झूठे एवं भ्रामक बयान प्रसारित करने के आरोप में 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल को 'ब्लॉक' कर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने पहलगाम त्रासदी को लेकर अपनी रिपोर्टिंग में आतंकवादियों को ''चरमपंथी'' कहने पर 'बीबीसी' को एक औपचारिक पत्र भी भेजा है। जिन यूट्यूब चैनल को 'ब्लॉक' किया गया है उनमें, 'डॉन न्यूज', 'इरशाद भट्टी', 'समा टीवी', 'एआरवाई न्यूज', 'बोल न्यूज', 'रफ्तार', 'द पाकिस्तान रेफरेंस', 'जियो न्यूज', 'समा स्पोर्ट्स', 'जीएनएन', 'उजैर क्रिकेट', 'उमर चीमा एक्सक्लूसिव', 'अस्मा शिराजी', 'मुनीब फारूक', 'सुनो न्यूज' और 'राजी नामा' शामिल हैं।

## जगन्नाथ मंदिर अध्यात्मवाद और सौहार्द्र का अद्भुत संगम होगा : ममता



- **मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर परिसर का किया निरीक्षण**
- **कहा... 'दीघा अंतरराष्ट्रीय आकर्षण का पर्यटक केंद्र बनेगा'**

**पूर्व मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दीघा स्थित नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। वह सुबह 11:15 बजे हावड़ा के डुमुरजला हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा दीघा के लिए रवाना हुईं और वहां पहुंचने के बाद मंदिर परिसर का जायजा लिया। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थान अध्यात्मवाद और सौहार्द्र का अद्भुत संगम होगा। मुख्यमंत्री ने मंदिर की वास्तुकला की सराहना की और उम्मीद जताई कि इससे दीघा में पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह जगन्नाथ मंदिर समुद्र के किनारे स्थित एक नया तीर्थस्थल बनेगा, जो पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करेगा। उन्होंने इसे बंगाल की हजारों साल पुरानी स्थापत्य कला और संस्कृति का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री के साथ राज्य के मंत्री अरूप विश्वास, चंद्रिमा भट्टाचार्य और राज्य पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार भी थे। मुख्यमंत्री ने मंदिर के पुजारियों से बातचीत की और पूजा–अर्चना की तैयारियों का जायजा लिया। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बुधवार को मंदिर में देवताओं की प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को विशेष होम यज्ञ का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री इसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दीघा पहुंची हैं।

## चीन ने पहलगाम हमले की 'शीघ्र और निष्पक्ष जांच' का आह्वान किया, पाक की संप्रभुता का समर्थन किया

**बीजिंग :** चीन ने सोमवार को कहा कि वह भारत एवं पाकिस्तान के बीच वर्तमान स्थिति को सामान्य करने के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले की ''त्वरित एवं निष्पक्ष जांच'' समेत सभी उपायों का स्वागत करता है। हालांकि उसने अपने सदाबहार मित्र देश पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा हितों की रक्षा करने में उसका समर्थन किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, ''चीन मौजूदा स्थिति को शांत करने में मददगार सभी उपायों का स्वागत करता है तथा शीघ्र ही निष्पक्ष एवं न्यायसंगत जांच का समर्थन करता है।

## वायुसेना के नए उप प्रमुख बनेंगे तिवारी, तीनों सेनाओं को मिलेगा सीआईएससी

**नई दिल्ली :** एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी भारतीय वायुसेना के नए उप प्रमुख का पद संभालेंगे। वह एक मई को मौजूदा एयर मार्शल एसपी धारकर की जगह लेंगे। धारकर 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे हैं। वह बल में 40 से अधिक वर्षों तक सेवाएं दे चुके हैं। एयर मार्शल तिवारी वर्तमान में गांधीनगर में दक्षिण पश्चिमी वायु कमान की कमान संभाल रहे हैं। उनके स्थान पर वर्तमान प्रशिक्षण कमान प्रमुख आएंगे। इसके अलावा, तीनों सेनाओं के एकीकृत रक्षा स्टाफ को चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) के अध्यक्ष के रूप में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित कार्यभार संभालेंगे। वह लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू के स्थान पर नए सीआईएससी के रूप में पद संभालेंगे।

## भारत–फ्रांस ने 26 राफेल विमानों की खरीद के लिये अंतरसरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए



**नयी दिल्ली :** भारत और फ्रांस ने सोमवार को भारतीय नौसेना के लिए लगभग 64,000 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिये राफेल लड़ाकू विमानों के 26 नौसैनिक संस्करण खरीदने के वास्ते एक अंतर–सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस समझौते में राफेल विमान के ढांचे के लिए उत्पादन सुविधा स्थापित करने के साथ–साथ भारत में विमान के इंजन, सेंसर और हथियारों के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहालिंग सुविधाओं की स्थापना का प्रावधान है। बयान में कहा गया कि इस समझौते से भारत में स्वदेशी हथियारों के एकीकरण के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में भी मदद मिलेगी। इन विमानों की आपूर्ति 2028 में शुरू हो जाएगी और 2030 तक पूरी हो जाएगी, जिसके चालक दल को फ्रांस और भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इनके (राफेल–मरीन के) शामिल होने से भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोतों में एक शक्तिशाली ताकत जुड़ जाएगी, जिससे समुद्र में देश की वायु शक्ति में काफी वृद्धि होगी। राफेल विमान के निर्माता दसॉ एविएशन ने कहा कि नया अधिग्रहण भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक संबंधों के महत्व और राष्ट्रीय संप्रभुता के आवश्यक वाहक के रूप में विमान की मान्यता को प्रमाणित करता है।

## पश्चिम बंगाल बोर्ड सात मई को जारी करेगा 12वीं का रिजल्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 12वीं कक्षा के लाखों छात्रों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है। परिषद ने घोषणा की है कि कक्षा 12वीं का रिजल्ट 7 मई को दोपहर 12:30 बजे जारी किया जाएगा। यह जानकारी बोर्ड द्वारा सोमवार को जारी किए गए आधिकारिक नोटिस के माध्यम से सामने आई है। रिजल्ट जारी होने के बाद, छात्र आधिकारिक वेबसाइट wbchse.wb.gov.in पर जाकर अपने रोल नंबर की मदद से चेक कर सकेंगे। इस दिन, पश्चिम बंगाल उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने अपने आधिकारिक नोटिस में जानकारी दी है कि एचएस शिक्षा परिषद एचएस परीक्षा, 2025 का रिजल्ट 7 मई को दोपहर 12:30 बजे विद्यासागर भवन, साल्टलेक में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जारी किया जाएगा। छात्र अपना कक्षा 12वीं का परिणाम उसी दिन दोपहर 2 बजे से परिषद की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप्स के माध्यम से ऑनलाइन देख और डाउनलोड कर सकेंगे। इसके अलावा, छात्रों की मार्कशीट और पासिंग सर्टिफिकेट की हार्डकॉपी 8 मई को सुबह 10 बजे से राज्य के 55 वितरण केंद्रों के जरिए संबंधित स्कूलों को दी जाएगी।

## आईपीएल में शतक जड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने वैभव सूर्यवंशी, दूसरा सबसे तेज शतक



**जयपुर :** राजस्थान रॉयल्स की खोज बिहार के 14 वर्ष 32 दिन के वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को इतिहास रच दिया जो आईपीएल में शतक जड़ने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए। सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 35 गेंद में शतक पूरा किया जिसमें 11 छक्के और सात चौके लगाये। आईपीएल के इतिहास का यह दूसरा सबसे तेज शतक है। वह 37 गेंद में 101 रन बनाकर आउट हुए। आईपीएल में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने अप्रैल 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये 30 गेंद में शतक जमाया था। युसूफ पठान ने 2010 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिये 37 गेंद में शतक बनाया था।






## कहा पश्चिम के दबाव में आतंक को सींचा

पाक पोषित आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले ने पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब कर दिया है। भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि पाकिस्तान ये काली करतूतें डॉलर की भूख मिटाने के लिये कर रहा था। साथ ही वह दुनिया के इस्लामी देशों का नेतृत्व हासिल करने के लिये इस कट्टरपंथ की फसल सींच रहा था। उसने पूरी दुनिया को दहलाने के लिये अपने आतंकी निर्यात किए। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों ने इसे अनदेखा ही किया।

निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है। पुलवामा हमले के बाद भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से स्पष्ट है कि वैश्विक व्यवस्था के प्रति पाक की क्या सोच है। इससे भी शर्मनाक घटना ब्रिटेन में सामने आई, जहां पाक उच्चायोग के सामने प्रदर्शन करने वाले भारतीयों को एक पाकिस्तान राजनयिक गला काटने का इशारा करता सूचना माध्यमों में नजर आया। उक्त राजनयिक पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात है। निश्चय ही यह राजनयिक स्तर पर एक शर्मनाक घटना है। साथ ही बताती है कि कैसे पाक सेना के उच्चाधिकारी एक जिहादी संगठन के सदस्य जैसा व्यवहार कर रहे हैं। इससे पाकिस्तानियों में भारतीयों के प्रति भरी घृणा ही उजागर होती है। भारत को इन तमाम मामलों को वैश्विक मंच पर उठाकर पाक पर कार्रवाई के लिये दबाव बनाना चाहिए। दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। बहरहाल, पाक आज पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हुआ है। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

# पाक के खिलाफ भारत का डिजिटल ब्लैकआउट एक ऐतिहासिक कदम



संदीप सृजन

पहलगाम हमले के बाद भारत ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए पाकिस्तान के खिलाफ डिजिटल स्ट्राइक की है, जिसे डिजिटल ब्लैकआउट के रूप में जाना जा रहा है। इस कार्रवाई के तहत भारत ने पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स हैंडल को भारत में ब्लॉक कर दिया है, साथ ही सख्त और निर्णायक कदम उठाते हुए 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिससे पाकिस्तान की डिजिटल उपस्थिति को भारत में पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस डिजिटल स्ट्राइक को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुआ आतंकी हमला एक भयावह घटना थी, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हुए। इस हमले ने न केवल भारत के पर्यटन क्षेत्र, विशेष रूप से कश्मीर के पर्यटन उद्योग, को गहरा आघात पहुंचाया, बल्कि देश में आक्रोश की लहर भी पैदा की। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया।

इस घटना के बाद, भारत सरकार ने कई कठोर कदम उठाए, जिनमें 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी-वाघा बॉर्डर को बंद करना, और पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करना शामिल है। इन कदमों के साथ-साथ, डिजिटल स्पेस में भी कार्रवाई की गई, जिसमें पाकिस्तान के आधिकारिक एक्स अकाउंट को भारत में निलंबित करना और अब 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

डिजिटल ब्लैकआउट को लागू करने के लिए भारत सरकार ने कई स्तरों पर कार्रवाई की। सबसे पहले, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक्स को पत्र लिखकर पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक अकाउंट को ब्लॉक करने का अनुरोध किया। यह अनुरोध राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी नीतियों के तहत किया गया था। एक्स जो एक वैश्विक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है, ने भारत सरकार के अनुरोध को मानते हुए इस अकाउंट को भारत में ब्लॉक कर दिया।

केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर 16 यूट्यूब चैनल यह कार्रवाई की, जिसमें इन यूट्यूब चैनलों पर भारत, भारतीय सेना, और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ, सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील, और झूठी सामग्री प्रसारित करने का आरोप लगाया गया। इन चैनलों में कई प्रमुख पाकिस्तानी न्यूज चैनल जैसे डॉन न्यूज, जियो न्यूज, समा टीवी, एआरवाई न्यूज, और बोल न्यूज शामिल हैं। इसके अलावा, व्यक्तिगत यूट्यूबर्स जैसे पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर, पत्रकार इरशाद भट्टी, अस्मा शिराजी, उमर चीमा, और अन्य जैसे आरजू काजमी और सैयद मुजम्मिल शाह के चैनल भी प्रतिबंधित किए गए। इन चैनलों के कुल सब्सक्राइबर 63 मिलियन से अधिक थे, जो इनके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है।

भारत सरकार का कहना है कि ये चैनल भारत के खिलाफ प्रोपेगंडा फैलाने, फर्जी खबरें प्रसारित करने, और सांप्रदायिक सद्भाव को




बिगाड़ने का प्रयास कर रहे थे। विशेष रूप से, पहलगाम हमले के बाद इन चैनलों पर फर्जी वीडियो और भ्रामक सामग्री की बाढ़ आ गई थी, जिसका उद्देश्य भारतीय सेना और सुरक्षा बलों की छवि को धूमिल करना और जनता का विश्वास तोड़ना था।

यूट्यूब पर इन चैनलों को खोजने पर अब एक संदेश दिखाई देता है, जिसमें कहा गया है: राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित सरकार के आदेश के कारण यह कंटेंट मौजूदा वक्त में इस देश में उपलब्ध नहीं है। यह कार्रवाई भारत की डिजिटल संप्रभुता को मजबूत करने और साइबर स्पेस में विदेशी प्रोपेगंडा को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह पहली बार नहीं है जब भारत ने डिजिटल स्पेस में इस तरह की कार्रवाई की हो। 2020 में, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर 59 चीनी ऐप्स, जिनमें टिकटॉक और वीचैट शामिल थे, पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बाद, 47 और चीनी ऐप्स को ब्लॉक किया गया, जो पहले प्रतिबंधित ऐप्स के क्लोन थे। 2022 में, सरकार ने 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया, जिनमें 10 भारतीय और 6 पाकिस्तानी चैनल शामिल थे, जो धार्मिक वैमनस्य और फर्जी खबरें फैलाने के दोषी पाए गए थे।

इसके अलावा, 2021 में, 20 यूट्यूब चैनल और दो वेबसाइट्स, जो पाकिस्तान से संचालित हो रही थीं, पर प्रतिबंध लगाया गया। इन चैनलों पर कश्मीर, भारतीय सेना, और अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ भड़काऊ सामग्री प्रसारित की जा रही थी। इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि भारत डिजिटल युग में सूचना युद्ध को गंभीरता से ले रहा है और साइबर स्पेस में अपनी संप्रभुता को सुरक्षित करने के लिए तत्पर है। इन 16 यूट्यूब चैनलों के पास लाखों-करोड़ों सब्सक्राइबर थे, और भारत उनके लिए एक बड़ा बाजार था। भारत में इन चैनलों को ब्लॉक करने से इनके राजस्व पर गहरा असर पड़ेगा, क्योंकि भारतीय दर्शकों से प्राप्त व्यूज और विज्ञापन आय अब इनके लिए उपलब्ध नहीं होगी। यह प्रतिबंध भारत में फर्जी खबरों और प्रोपेगंडा के प्रसार को रोकने में मदद करेगा। विशेष रूप से, सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो और भ्रामक सामग्री की बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

भारत का डिजिटल ब्लैकआउट एक ऐतिहासिक कदम है, जो न केवल भारत-पाकिस्तान संबंधों को प्रभावित करेगा, बल्कि डिजिटल युद्ध के नए युग की शुरुआत भी करेगा। यह कदम भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और डिजिटल संप्रभुता के महत्व को दर्शाता है। हालांकि, इसके दीर्घकालिक प्रभाव और वैश्विक मंच पर इसके निहितार्थ अभी देखे जाना बाकी हैं। यह स्पष्ट है कि इस कार्रवाई ने पाकिस्तान में हड़कंप मचा दिया है और दोनों देशों के बीच तन 21वीं सदी के डिजिटल युद्ध में एक नया अध्याय शुरू हो चुका है। यह कार्रवाई न केवल पाकिस्तानी प्रोपेगंडा को रोकने में मदद करेगी, बल्कि भारत की डिजिटल संप्रभुता को भी मजबूत करेगी। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उठाए गए इस कदम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आतंकवाद और इसके प्रचार-प्रसार के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साबित किया है कि भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार है)

# पाक के खिलाफ कूटनीतिक एवं रणनीतिक दबाव जरूरी



ललित गर्ग

पाकिस्तान की पहचान एक ऐसे देश के रूप में है जो कमजोर है, असफल है, कर्ज में डूबा है, अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने में नाकाम है, आतंक की नर्सरी एवं प्रयोगशाला है, ढहती अर्थव्यवस्था है, इन बड़ी नाकामियों को ढ़कने के लिये ही वह कश्मीर का राग अलापता रहा है, वहां के नेता एवं सैन्य अधिकारी तमाम जर्जरताओं एवं निराशाओं के बावजूद आज भी हिन्दू और भारत विरोध को ढ़ाल बनाकर ही अपनी सत्ता मजबूत करते रहे हैं। लेकिन अब उसका चेहरा इतना बदनुमा बन गया है कि उसने धर्म के नाम पर निर्दोष एवं बेगुनाह लोगों का खून बहाना शुरु कर दिया है। भारत ही नहीं, दुनिया में आतंक को फैलाने में अपनी जमीन, संसाधन एवं ताकत का प्रयोग खुलेआम करना शुरु कर दिया है, यह उसकी बौखलाहट ही है, यह उसकी निराशा ही है, यह उसकी विकृत सोच ही है। इस घिनौनी सोच का पर्दापाश पहलगाम के खौफनाक आतंकी हमले के रूप में पूरी दुनिया के सामने हुआ है। विडम्बना तो यह है कि भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय दबाव के आगे लाचार हुए पाकिस्तान के सत्ताधीशों ने स्वीकार किया कि वे पिछले तीस साल से आतंक की फसल सींच रहे थे। भारत ने पूरी दुनिया को मुंबई के भीषण हमले, संसद पर हुए हमले तथा पुलवामा से लेकर उड़ी तक की आतंकवादी घटनाओं में पाक की संलिप्तता के मजबूत सबूत बार-बार दिए, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देशों एवं चीन ने इसे अनदेखा ही किया। लेकिन इस बार की पहलगाम घटना ने इन देशों के साथ पूरी दुनिया को झकझोर दिया है और पाकिस्तान के प्रति उनकी सोच बदली है।

निश्चित रूप से एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान की विफलता जग-जाहिर हो गई है, लेकिन उसके आतंकवादी होने के पुख्ता प्रमाणों ने दुनिया को एकजुट कर दिया है, यही कारण है कि दुनिया से वह अलग-थलग अकेला खड़ा है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि पिछले तीस साल से पाक आतंकवादी तैयार करने का काम कर रहा था। साथ ही उन्होंने यह भी सफाई दी कि पाकिस्तान ने ये गंदा काम अमेरिका व ब्रिटेन जैसे देशों के कहने पर किया। सवाल यह है कि क्यों पाक ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने नैतिक दायित्व का पालन नहीं किया? क्यों उसने किन्हीं दूसरे देशों के कहने पर अपनी जमीन को आतंक की उर्वरा भूमि बनने दिया? क्यों उसने इस्लाम को आधार बनाकर कट्टरपंथ की फसल सींची? पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की यह स्वीकारोक्ति भारत द्वारा लंबे समय से लगाये जा रहे उन आरोपों की पुष्टि ही है, जिसमें पाक को आतंक की पाठशाला बताया गया था। सोचने वाली बात तो यह भी है कि उसने इस्लाम एवं मुसलमान समुदाय को भी अपने गलत एवं गंदे मनसूबों के लिये इस्तेमाल किया। यह कारण है कि अपने धर्म को धुंधलाने एवं बेजा इस्तेमाल का फल उसे तमाम असफलताओं एवं पराजयों के रूप में



मिला है, अन्यथा इस्लाम का पवित्र उपयोग करने वाले देश तो दिनोंदिन आगे बढ़ रहे हैं, समृद्ध हो रहे हैं, अपने लोगों को उन्नत जीवन प्रदत्त कर रहे हैं, दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाकर खड़े है।

दुनिया पाकिस्तान के बदसूरत चेहरे को देख चुकी है, फिर भी दुनिया को बताना चाहिए कि पुलवामा हमले से पहले कैसे पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कट्टरपंथियों जैसा भड़काऊ बयान दिया था। जिसके कुछ समय बाद ही पहलगाम जैसा भयानक आतंकी हमला सामने आया। भारत को दुनिया को बताना चाहिए कि किस तरह पाकिस्तान दुनिया की शांति, अमन एवं उन्नत संसार-निर्माण के लिये खतरा बना हुआ है। जिसको सख्त आर्थिक प्रतिबंधों के जरिये आतंक से दूरी बनाने के लिये बाध्य किया जाना चाहिए। निश्चय ही अब पाक को सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान सुधर नहीं सकता, अतीत में भारत से तीन युद्ध हारने के बावजूद उसने कुछ सबक नहीं लिया। भारत को नुकसान पहचाने की नीति पर वह आज भी कायम है। भारत की अलग-अलग समय की सरकारों ने अनेक कोशिशें पाकिस्तान से संबंध सुधारने की है, लेकिन पाकिस्तान सुधरा नहीं। भारत के संबंध सुधार, शांति एवं पडोसी देश-धर्म के प्रयासों का जबाव उसने हमेशा आतंकवादी घटनाओं के रूप में ही दिया। भारत के इन सकारात्मक प्रयासों के बदले कभी कारगिल मिला, कभी पठानकोट, कभी उरी तो कभी मुंबई। लेकिन इस बार के पहलगाम के नृशंस आतंकी हमले के बाद हर भारतीय, यहां तक हर कश्मीरी की जुबान पर एक ही सवाल है कि इस पाकिस्तान का इलाज क्या है? लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ बड़ा और आरपार का करने के मुड़ में है। अब तक प्रधानमंत्रियों में वे सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न एवं हौसल्ले वाले महानायक है।

पाकिस्तान इस समय बहुआयामी संकट का सामना कर रहा है, आंतरिक असंतोष, आर्थिक पतन एवं घटती अन्तर्राष्ट्रीय प्रासंगिकता के चलते वह बौखलाहट का शिकार है। इसी का परिणाम है कि वह भारतीय कार्रवाई के जवाब में परमाणु बम से हमले की धमकी, सिंधु नदी को रक्त से भरने तथा कश्मीर मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे अनाप-शनाप बयानों से वह अपने ही पांव पर कुल्हाडी चलाता हुआ दिख रहा है। चीन पर उसका भरोसा भी उसे निराश ही करेगा। पाकिस्तान में जब चीनी नागरिकों को निशाना बनाया जाता है, तब चीन को उसमें आतंकवाद नजर आता है, लेकिन मौका मिलने पर वह मसूद अजहर जैसे आतंकियों को बचाने से गुरेज नहीं करता। ऐसा नहीं है कि चीन मुस्लिमों का रहनुमा है। दुर्भाग्य से, बात जब भारत की आती है, तो आतंकवाद को लेकर पेइचिंग का नजरिया भी बदल जाता है। लेकिन इस बार चीन के सामने भारत का लुभावना बाजार है, इसके चलते वह पाकिस्तान का खुला समर्थन करेगा, इसमें शंका है।

पाकिस्तान का एकमात्र बड़ा सहारा चीन भी उससे दूरी बना ले तो कोई आश्चर्य नहीं है। पाकिस्तान को वह हमेशा भारत को परेशान करने के टूल के रूप में इस्तेमाल करता आया है। पहलगाम की तटस्थ जांच के लिए पाकिस्तान का प्रस्ताव बताता है कि वह कमजोर और अलग-थलग पड़ रहा है। भारत के पक्ष को दुनिया बेहतर ढंग से समझ रही है। यही बात चीन को भी समझानी होगी। मोदी सरकार के लिए यह दिखाना जरूरी हो गया है कि वो इस मामले को लेकर वाकई गंभीर है। जैसे-जैसे पर्यटकों के शव उनके परिवारों तक पहुंच रहे हैं और उनके अंतिम संस्कार के भावुक एवं मार्मिक दृश्य प्रसारित हो रहे हैं- सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। लोगों का गुस्सा खासतौर पर इस तथ्य से और बढ़ गया है कि आतंकवादियों ने पहले पुरुषों का धर्म जानना चाहा और उन्हें उनके परिवार के सामने गोली मार दी।

पहलगाम घटना ने कश्मीर की रोजी-रोटी पर आंच पहुंचायी है, वहां की शांति को लीला है। यही कारण है कि पहलगाम हत्याकांड के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के आम लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध-प्रदर्शन किया है। राज्य में बंद रहा, लोगों ने विरोध मार्च निकाले और यहां तक कि कश्मीर के प्रमुख समाचार पत्रों ने विरोध के तौर पर अपने मुखपृष्ठ को स्याह रंग से पोत दिया। आज सरकार, विपक्ष और नागरिकों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि वे ऐसा कुछ न करें, जिससे सांप्रदायिक संघर्ष फैले। क्योंकि तब हम केवल उस एजेंडे को आगे बढ़ा रहे होंगे, जो आतंकवादियों का मकसद है- भारत को विभाजित करना। भारत की एकता, कश्मीर की शांति एवं विकास एवं आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिये अब पाकिस्तान को केवल सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि आर्थिक, राजनयिक एवं वैश्विक दबाव से पंगु बनाना होगा। पाकिस्तान के लिये स्थिर पड़ोसी का विचार छोड़कर रणनीतिक विखंडन के जरिये क्षेत्रीय परिदृश्य को नया आकार देना समय की जरूरत है। सिंध एवं बलुचिस्तान अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं, आजाद कश्मीर को भारत में मिलाने की जरूरत है। इस रणनीतिक एवं कूटनीतिज्ञ उद्देश्य के लिये एक दूरगामी, बहुआयामी एवं निर्णायक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसकी पहल लक्षित सर्जिकल स्ट्राइक और प्रमुख आतंकी सरगनाओं को मिटाकर आतंकी केन्द्रों को ध्वस्त करके ही हो सकती है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### भारतीय राजनियक ने की अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी से भेंट

**इस्लामाबाद :** भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने तालिबान शासित अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। अफगान विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, (भारतीय विदेश मंत्रालय में) पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान प्रभाग के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने तालिबान सरकार के विदेश मंत्री से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने एवं व्यापार और पारगमन सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों ने हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। विज्ञप्ति के अनुसार, मुत्ताकी ने अफगानिस्तान और भारत के बीच राजनयिक एवं आर्थिक संबंधों के विस्तार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच लोगों के आवागमन को सुगम बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और व्यापारियों, रोगियों और छात्रों के लिए वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सामान्य बनाने का आह्वान किया। प्रकाश ने अफगानिस्तान के साथ संबंधों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहरायी तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा बनाने की आशा व्यक्त की।

### इजराइल गाजा में नागरिकों की हत्या कर रहा : फलस्तीनी राजदूत ने संरा अदालत से कहा

**हेग :** फलस्तीन के एक राजनयिक ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत को बताया कि इजराइल गाजा में निर्दोष नागरिकों की हत्या कर रहा है, उन्हें विस्थापित कर रहा है और राहत कर्मियों को निशाना बना रहा है। वहीं, इजराइल ने हमास से युद्ध के तहत नागरिकों और सहायता कर्मचारियों को जानबूझकर निशाना बनाने से इनकार किया तथा अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में सुनवाई में शामिल नहीं हुआ। नीदरलैंड के हेग में फलस्तीनी राजदूत अम्मार हिजाजी ने इजराइल पर कब्जे वाले क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

## ईरान के बंदरगाह पर हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हुई, 1,000 से अधिक घायल

**दुबई :** ईरान के एक प्रमुख बंदरगाह पर हुए भीषण विस्फोट में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 65 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटनास्थल से प्राप्त खबरों से विस्फोट के कारण के बारे में और अधिक सवाल उठे हैं। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बंदर अब्बास के पास शाहिद राजाई बंदरगाह पर हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या की सूचना दी। अधिकारियों ने अभी तक विस्फोट के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। निजी सुरक्षा फर्म एम्ब्रे का कहना है कि बंदरगाह को मार्च में मिसाइल ईंधन रसायन प्राप्त हुआ था। कंपनी ने कहा कि बंदरगाह पर मार्च में 'सोडियम परक्लोरेट रॉकेट ईंधन' की खेप आई थी। यह ईंधन चीन से दो जहाजों द्वारा ईरान भेजी गई खेप का हिस्सा है, जिसके बारे में जनवरी में 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने पहली बार खबर प्रकाशित की थी। इस ईंधन का उपयोग ईरान में मिसाइल भंडार को पुन: स्थापित करने के लिए किया जाना था, जो गाजा पट्टी में हमास के साथ युद्ध के दौरान इजराइल पर सीधे हमलों के कारण समाप्त हो गया था।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 अप्रैल, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, वैशाख शुक्लपक्ष द्वितीया, 17:35 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 18:49 तक, योग : सौभाग्य, 15:55 तक, सूर्योदय: 5:06, सूर्यास्त: 18:03, चन्द्रोदय : 05:57, चन्द्रास्त: 19:59, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 14:46 से 16:22

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को लाभ होगा और कामकाज में किए गए आपके प्रयास रंग लाएंगे। आपको नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिससे काम का बोझ बढ़ेगा, परंतु सफलता भी सुनिश्चित होगी।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के मन में थोड़ी अशांति रह सकती है और ऑफिस के काम को कर पाने में मुश्किलें आ सकती हैं। धन, पद और मान-सम्मान में वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा और चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आर्थिक दृष्टि से दिन लाभकारी रहेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों को करियर में लाभ होगा और कारोबार में आपकी नई व्यावसायिक योजनाएं सफल होंगी। कोई अच्छी डील या प्रॉजेक्ट मिल सकता है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा और गृहोपयोगी वस्तुओं की खरीद हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। रुपये-पैसे के लेन-देन में सतर्क रहें।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आप कुछ कर दिखाने के मूड में रहेंगे। आपको आर्थिक क्षेत्र में शुभ परिणाम मिल सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक दृष्टि से दिन शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको पुराने कर्ज और बीमारियों से राहत मिलने के संकेत हैं। व्यावसायिक दिशा में तरक्की के संकेत हैं। विरोधियों को पराजित करने में सफल रहेंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपको गुप्त शत्रुओं और ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। मेहनत और सूझबूझ से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर :** मकर राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और आपको करियर में महत्वपूर्ण सफलता मिल सकती है। सम्मान और पुरस्कार भी मिल सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए दिन अनुकूल है। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत शुभ रहेगा। प्रयासों से सफलता मिलेगी और पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन :** मीन राशि के लोगों को लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। पुराने विवादों और झगड़ों से मुक्ति मिलेगी। व्यापार में प्रतिष्ठा और सम्मान बढ़ेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3077

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ |
| 9 | | | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | | ■ | 14 | | | ■ |
| 15 | 16 | ■ | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | ■ | | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | | | ■ | 30 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक त्यौहार, 2) एक वन्य हिंसक पशु, 4) विवश होकर, 5) सबसे पासवाला, 6) रोटी बेलने का गोल पाटा, 7) शिक्षापाठ, 13) नि:संदेह, 16) सोना, 17) सहायक, 20) राख, 21) गीतलेखक, 23) निपुण, 25) परत; सतह, 26) तरकीब; कार्यदिशा, 27) समाप्ति, 28) हलकी चोट. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) धनदौलत, 3) प्रसिद्ध; सार्वजनिक, 5) छोटी बस्ती, 6) गाँजा, 8) विषाक्त, 9) मुसाफ़िर, 10) दुर्गंध, 11) *स्कूली बैग,* 12) अर्हतासंपन्न, 14) के बिना, 15) संशय, 17) इच्छा; दिल; चित्त, 18) एक राशि, 19) रुपया-पैसा, 20) घरेलू; व्यक्तिगत, 22) सत्ताधिकार; मेहराब, 24) ठकठक *(द्वार पर)*, 27) जलता कोयला, 28) दारू का दुकान; कार्यपूर्ति का क़रार, 29) बिखरा हुआ, 30) छाप; प्रभाव.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | धि | ■ | बं | ■ | चं | ब | ल | ■ | अ |
| वा | ■ | न | दा | र | द | ■ | क्ष | णि | क |
| ह | रा | मी | ■ | मे | न | का | ■ | ■ | स्मा |
| ■ | घ | ■ | अं | श | ■ | रो | मां | चि | त |
| अ | व | सा | द | ■ | लं | बा | ■ | ल | ■ |
| धु | ■ | ■ | रू | ढ़ | ■ | र | स | म | य |
| रा | ह | ज | नी | ■ | बै | ■ | ह | ■ | था |
| ■ | टा | ■ | ■ | श | ल | ग | म | ■ | व |
| अ | ना | व | श्य | क | ■ | ■ | ति | ब्ब | त |

## सुडोकू-पहेली-3034

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | 6 | | | |
| | | 9 | | | | | | 7 |
| | | | | | | 9 | 1 | |
| | | | | 4 | | 3 | | 8 |
| | 4 | | | 9 | | | | |
| | 2 | | 7 | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | 8 | | | | | |
| | | | | | | 2 | | 6 |
| 8 | 6 | | 5 | 2 | | | | 1 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3033 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 |
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 6 | 1 | 9 | 2 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 8 | 5 | 9 | 6 | 7 | 2 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 |

# मुर्शिदाबाद में क्षतिग्रस्त मंदिरों का पुनर्निर्माण अक्षय तृतीया से शुरू, शुभेंदु अधिकारी ने की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मुर्शिदाबाद में क्षतिग्रस्त हिंदू मंदिरों के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार की घोषणा की है। वीडियो जारी करते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्य 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शुरू होगा।



इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जैसा कि वादा किया गया था, अक्षय तृतीया के शुभ दिन 30 अप्रैल को हम मुर्शिदाबाद जिले के उन हिंदू मंदिरों के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार का काम शुरू करेंगे, जो हाल के हमलों में क्षतिग्रस्त हो गए थे। वर्तमान में, इन मंदिरों पर जघन्य, निंदनीय और बर्बर हमलों के निशान हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्निर्माण की प्रक्रिया सभी पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों का पालन करते हुए की जाएगी और इस कार्य के लिए ममता बनर्जी सरकार से कोई वित्तीय सहायता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने एक्स पोस्ट पर आगे लिखा कि शुद्धिकरण और जीर्णोद्धार की प्रक्रिया सभी पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों का उचित तरीके से पालन करते हुए की जाएगी। हिंदू विरोधी ममता बनर्जी सरकार से कोई वित्तीय सहायता स्वीकार नहीं की जाएगी। मैं दोहराता हूं, सारा खर्च हिंदू खुद वहन करेंगे। मुर्शिदाबाद के हिंदुओं को उनके गांव और पड़ोस के मंदिरों में पूजा करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। ये मंदिर हमारे तीर्थ स्थलों जितने ही महत्वपूर्ण हैं। दूसरी तरफ, शुभेंदु अधिकारी की इस घोषणा के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय में उत्साह देखा जा रहा है। कई लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए सकारात्मक पहल बताया है।

## आखिरकार एसएससी के योग्य उम्मीदवारों की सूची में शामिल हुए आंदोलनकारी चिन्मय मंडल, अब मिलेगा वेतन भी

### एसएससी के सर्वर की गड़बड़ी के कारण सूची से बाहर हो गए थे चिन्मय

**कोलकाता :** योग्य उम्मीदवारों की सूची में चिन्मय मंडल का नाम नहीं था, जिसे लेकर काफी विवाद हुआ था। लेकिन आखिरकार, आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा रहे चिन्मय मंडल का नाम योग्य शिक्षकों की सूची में शामिल कर लिया गया है। अब उन्हें वेतन भी मिलेगा। सोमवार को चिन्मय ने स्वयं सोशल मीडिया पर इस जानकारी को साझा किया।

चिन्मय ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, जिन 'अनिर्दोष' शिक्षक-शिक्षिकाओं के नाम गलती से सूची में नहीं थे, उनके नाम अब जोड़े जा रहे हैं। मेरा नाम भी आ गया है और वेतन सबमिट हो रहा है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के चलते करीब 26,000 शिक्षक और अशिक्षक कर्मचारी अपनी नौकरी से हाथ धो बैठे थे। इसके बाद 'अयोग्य नहीं' ऐसे 17,206 शिक्षकों की एक नई सूची तैयार की गई थी, जिसे माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सुप्रीम कोर्ट में जमा दिया था। उस सूची से फिर से 1,803 लोगों के नाम हटा दिए गए थे। परिषद का दावा था कि इन 1,803 अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट्स में कई तरह की गड़बड़ियां मिली थीं।

इसके बाद 15,403 योग्य उम्मीदवारों की एक नई सूची तैयार कर स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने डीआई कार्यालय को भेजी थी। उसी सूची से चिन्मय मंडल का नाम भी हट गया था। इस संबंध में चिन्मय का आरोप था कि एसएससी के सर्वर में तकनीकी गड़बड़ी के कारण लगभग 500 उम्मीदवारों के नाम छूट गए थे। अब जब वह गलती सुधारी गई, तब जाकर उनका नाम फिर से सूची में शामिल किया गया है।

**CHANGE OF NAME**

I, Gala Vahida Faizal wife of Army No. 15742455W, Rank- Nk, Name- Gala Faizal Hasan residing at VTC: Layja Mota, PO: Laija, Sub District: Mandvi, District: Kachchh, State: Gujarat, Pin- 370475, I have changed my Name from Vahida Faizal to Gala Vahida Faizal by Vide affidavit before the Notary Public Sujata Ghosh Das Govt. of W.B City Sessions Court Kolkata dated- 21.03.2025. that Vahida Faizal and Gala Vahida Faizal are same and one identical person.

## 'मौत के कई महीने बाद भी आरजीकर पीड़िता का मोबाइल हो रहा इस्तेमाल', माता-पिता का अदालत में विस्फोटक दावा

### सीबीआई ने तीसरी स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में सौंपी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दरिंदगी की शिकार आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के मोबाइल नंबर का इस्तेमाल उसकी मौत के महीनों बाद भी किया गया। पीड़िता के परिवार ने सोमवार को सियालदह अदालत में यह दावा किया। परिवार का दावा है कि उन्हें यह जानकारी एक वाट्सएप ग्रुप की गतिविधियों से मिली है। कोर्ट में परिवार के वकील ने दावा किया कि आरजीकर मामले में पुलिस ने पीड़िता का मोबाइल फोन जब्त कर लिया था। बाद में, सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ले ली। तब से मोबाइल फोन सीबीआइ के



कब्जे में है। परिवार का सवाल है कि फिर उस मोबाइल नंबर से वाट्सएप्प तक उनकी पहुंच कैसे हुई, जो इसका इस्तेमाल कर रहे हैं? न्यायाधीश ने पीड़ित परिवार से कहा कि अगर उन्हें कुछ कहना है तो वे सीबीआई को बताएं, क्योंकि वह ही इस मामले की जांच कर रही है।

सीबीआई के वकील ने भी कहा कि यदि पीड़ित के परिवार को कुछ बताना हो तो वे उन्हें बता दें। पीड़िता के वकील ने दलील दी कि सीबीआई को काफी जानकारी दी गई है। उन्हें यह पता नहीं है कि परिणाम क्या हुआ। इसलिए उन्होंने न्यायाधीश से शिकायत पर गौर करने का अनुरोध किया। बता दें कि पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में सियालदह कोर्ट ने संजय राय नामक सिविक वालेंटियर को दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है।

## मोटरसाइकिल विस्फोट मामले में एनआई ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआई) ने रविवार को पश्चिम बंगाल में मोटरसाइकिल विस्फोट मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर कोलकाता एयरपोर्ट के पास दमदम इलाके से हिरासत में लिया। इसके बाद, आरोपी को एनआईए ब्रांच ऑफिस ने गिरफ्तार कर लिया। साल 2024 में मोटरसाइकिल विस्फोट का मामला सामने आया था। आरोपी की पहचान झारखंड के धनबाद जिले के अमरजीत वर्मा के रूप में हुई है। एनआईए की टीमों ने 9 अप्रैल को मामले के सिलसिले में नौ स्थानों पर तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान झारखंड के चिरकुंडा में अमरजीत के परिसर से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया। हालांकि, अमरजीत भागने में सफल रहा और तब से गिरफ्तारी से बच रहा था। एनआईए की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जांच में पहले भी अमरजीत के अवैध विस्फोटक व्यापार में शामिल होने का खुलासा हुआ है। वह अगस्त 2024 में मोटरसाइकिल में हुए आकस्मिक विस्फोट के बाद सामने आया था। विस्फोट तब हुआ था जब आरोपी जॉयदेब मंडल उर्फ बबलू मंडल अवैध रूप से विस्फोटक ले जा रहा था। वहीं, एनआईए की ओर से मामले की जांच जारी है। एनआईए की टीमों ने इससे पहले आरसी 16/24/एनआईए/डीएलआई मामले के सिलसिले में ग्रोक कम्युनिटी में भी तलाशी ली थी। हालांकि, विश्वसनीय जानकारी के आधार पर तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर आखिरकार आज अमरजीत को गिरफ्तार कर लिया गया।

## 'जितना बड़ा नेता उतना बड़ा चोर', सुजन चक्रवर्ती का तृणमूल पर कटाक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** माकपा नेता सुजन चक्रवर्ती ने भ्रष्टाचार को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। सोमवार को उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा कि विकास बाबू को घेरने के बजाय, आइए कालीघाट जाकर पैसे वसूलते हैं। तृणमूल का जितना बड़ा नेता होगा, उतना ही बड़ा चोर होगा। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आगे लिखा कि चोरी करने वाले पूछ रहे हैं कि चोरी क्यों पकड़ी गई? जनता चाहती है कि नौकरी घोटाला करने वालों को जेल में डाला जाए और उचित व्यक्ति को नौकरी पर बहाल किया जाए। मुख्यमंत्री की शह पर भर्ती घोटाला करने वालों को बढ़ावा मिल रहा है। सात अप्रैल को एक बैठक में उन्होंने नौकरी भर्ती घोटाला करने वालों विकास भट्टाचार्य पर हमला करने का आदेश दिया। उसी अनुसार तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और बोतलें फेंकना शुरू कर दिया। सुजन चक्रवर्ती ने पूछा कि क्या इससे भ्रष्टाचार पर पर्दा पड़ जाएगा?

**एक जोड़ी बैण्डेल-कटवा-बैण्डेल लोकल की सेवा पुनर्बहाल**

हावड़ा मंडल के बैण्डेल-कटवा खंड में दाईहाट और धात्रीग्राम स्टेशनों के बीच डाउन मेन लाइन पर **ट्रैफिक ब्लॉक** के कारण **37749 अप बैण्डेल-कटवा लोकल** की धात्रीग्राम में संक्षिप्त यात्रा समाप्त और **37748 डाउन कटवा-बैण्डेल लोकल** की धात्रीग्राम से संक्षिप्त यात्रा शुरू के संबंध में पूर्व में जारी अधिसूचना के संदर्भ में, यह अधिसूचित किया जाता है कि कार्य के शीघ्र पूरा हो जाने के कारण **उपर्युक्त दोनों ट्रेनें दिनांक 29.04.2025 से बहाल की जाएँगी तथा निर्धारित मार्ग से चलेंगी।** यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का अनुसरण करें। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल से यात्रा शुरू करने वाली एलएचबी रेक सम्मिलित 15 यात्री वाही ट्रेनों में 15 अदद आरएसएलआर के पार्सल की जगह को पट्टे पर देने हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चौथी मंज़िल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल के जरिये दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से यात्रा शुरू करने वाली एलएचबी रेक सम्मिलित 15 यात्री वाही ट्रेनों में 15 अदद आरएसएलआर के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों सहित एलएचबी रेक में आरएसएलआर को पट्टे पर देने हेतु ठेके की विशेष शर्त सम्मिलित नीलामी कैटेलॉग वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इस ई-नीलामी के लिए बोलियां वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के जरिये जमा करनी होंगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, मर्चेंट को वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के जरिये एक बार पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। मर्चेंट को क्लास-III का डिजिटल सिग्नेचर भी लेना आवश्यक होगा। नीलामी कैटेलॉग का विवरण निम्नानुसार है। **नीलामी कैटेलॉग संख्या: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल-25-5ए। पार्सल की जगह:** एलएचबी रेक सम्मिलित 15 यात्री वाही ट्रेनों में 15 अदद आरएसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय :** 08.05.2025 को दोपहर 1.00 बजे।

(HWH-49/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## ग्रीन लाइन-1 पर आज मेट्रो सेवाओं की संख्या में कमी

**कोलकाता :** ग्रीन लाइन (हावड़ा मैदान से साल्ट लेक सेक्टर-5 तक) के पूरे खंड पर वाणिज्यिक सेवाओं के शुभारंभ के सिलसिले में, ग्रीन लाइन-1 (सीलदह से साल्ट लेक सेक्टर-5 स्टेशनों के बीच) पर आज मेट्रो सेवाओं की संख्या में कमी की जाएगी। सामान्यतः संचालित होने वाली 106 सेवाओं के स्थान पर कल कुल 90 सेवाएं चलाई जाएंगी। इस दिन सेवाएं प्रत्येक 20 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेंगी। ग्रीन लाइन-2 (हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड स्टेशनों के बीच) पर सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी।

## भारत के राष्ट्रपति ने पश्चिम बंगाल के चार हस्तियों को पद्मश्री से नवाजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित सिविल इन्वेस्चर समारोह के दौरान वर्ष 2025 के लिए पश्चिम बंगाल से चार विशिष्ट व्यक्तित्वों को पद्मश्री सम्मान प्रदान किया। सम्मान पाने वालों में गोकुल चंद्र दास, विनायक लोहनी, पं. तेजेंद्र नारायण मजूमदार और अरिजीत अदिती सुरेंद्र सिंह शामिल हैं। सभी को कला और सामाजिक कार्य के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया है। पद्म पुरस्कार भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले सबसे प्रतिष्ठित नागरिक पुरस्कारों में से हैं। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं: पद्मविभूषण, पद्मभूषण और पद्मश्री। इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है और इन्हें राष्ट्रपति भवन में एक औपचारिक समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है, जो मार्च या अप्रैल माह में आयोजित होता है।

## 'यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता'

❑ **हाईकोर्ट में वकीलों का विरोध मार्च, राज्य सरकार पर कानून-व्यवस्था विफलता का आरोप**

**कोलकाता :** सुपर्न्यूमेररी पदों पर नियुक्ति मामले में वकीलों के घेराव और अपमान के घटनाक्रम पर कोलकाता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, यह बिल्कुल भी सहन नहीं किया जा सकता।

शुक्रवार को हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता बिकाशरंजन भट्टाचार्य के चेंबर के बाहर उच्च प्राथमिक शिक्षकों के कुछ अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी उच्च प्राथमिक भर्ती मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। साथ ही, उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु और अधिवक्ता बिकाशरंजन भट्टाचार्य के बीच साठगांठ है।

सोमवार को अधिवक्ता फिरदौस शमीम, कल्लोल बसु और सुधीप्त दासगुप्ता ने इस घटना के खिलाफ न्यायमूर्ति बसु की अदालत में आपराधिक अवमानना (क्रिमिनल कंटेम्प्ट) की याचिका दायर करने की अनुमति मांगी। इस पर न्यायमूर्ति बसु ने कहा कि चूंकि इस मुद्दे को मुख्य न्यायाधीश देख रहे हैं, इसलिए वे मंगलवार को फिर से आवेदन दायर करने का निर्देश देते हैं।

गौरतलब है कि शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा से जुड़े अतिरिक्त रिक्त पदों को लेकर पहले ही हाईकोर्ट में मामला लंबित है। शुक्रवार को उसी सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि अतिरिक्त रिक्तियां किसके लिए बनाई गई हैं और इसका लिखित स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था। उसी के बाद से विवाद बढ़ा।

इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बिकाशरंजन भट्टाचार्य ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज़ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो लोग कानून की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उनके खिलाफ राज्य सरकार द्वारा भ्रष्टाचार समर्थकों को उकसाया जा रहा है।

**वकीलों को डराने की कोशिश! हाईकोर्ट में वकीलों का विरोध मार्च**




शुक्रवार को उच्च प्राथमिक भर्ती के अभ्यर्थियों ने वकील बिकाशरंजन भट्टाचार्य के चेंबर के बाहर प्रदर्शन किया था। जवाब में सोमवार को अधिवक्ता बिकाशरंजन भट्टाचार्य और फिरदौस शमीम के नेतृत्व में कोलकाता हाईकोर्ट परिसर में वकीलों ने विरोध मार्च निकाला।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/538, दिनांक: 25.04.2025।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/टीईएलई/टी/27/24-25/आरआरएसके। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** निश्चिंदपुर स्टेशन पर नयी इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम द्वारा वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम की बदली के सम्बन्ध में दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 60,22,626.30। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 1,20,500। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 09.05.2025। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 23.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 23.05.2025 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने की अंतिम तारीख को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (र्यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** एसडीएच और/या पीडीएच उपकरण (एसटीएम-1/एसटीएम-4/एसटीएम-16, एमयूएक्स आदि) की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत सम्मिलित किसी भी कार्य पर इस निविदा कार्य हेतु समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विचार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)।

(SDAH-31/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## भारतीय सैनिकों को लेकर अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ शांतिपुर थाने का घेराव

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के शांतिपुर में सोशल मीडिया पर भारतीय सेना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने के बाद भारी तनाव फैल गया। आरोप है कि गयेशपुर पंचायत के टेंग्रीडांगा गांव के निवासी शरीफ शेख ने एक पोस्ट साझा किया, जिसमें भारतीय सैनिकों को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। पोस्ट में यह दावा किया गया, 'पाकिस्तानी सैनिकों को देखकर भारतीय सैनिक बॉर्डर से भाग गए'। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट वायरल होते ही स्थानीय लोग भड़क गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह पोस्ट न केवल भारतीय सेना के प्रति अपमानजनक है, बल्कि यह भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश भी हो सकती है।



प्रदर्शनकारियों ने शांतिपुर थाना घेर लिया और एक घंटे तक वहां विरोध प्रदर्शन किया। उनकी मुख्य मांग थी कि आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, और उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस जानबूझकर आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है, जबकि यह मामला गंभीर देशद्रोह का प्रतीत हो रहा है। इस घटना के बाद से शांतिपुर में स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई है, और स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है।

## क्या शिक्षक नियुक्ति संकट के कारण घट रहा है बीएड में छात्रों का रुझान?

### 7,000 सीटें खाली! बीएड विद्यार्थियों की संख्या में भारी गिरावट

**कोलकाता**

2023-25 सत्र की तुलना में 2024-26 सत्र यानी चालू शिक्षा सत्र में राज्य के बीएड कॉलेजों में विद्यार्थियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस साल राज्यभर के 600 से अधिक बीएड कॉलेजों में लगभग 7,000 सीटें खाली रह गई हैं।

बीएड विश्वविद्यालय के अधीन राज्य भर में कुल 55,150 सीटें बीएड पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध थीं।

लेकिन इस साल केवल लगभग 48,000 छात्रों ने बीएड के लिए पंजीकरण कराया। जबकि 2023-25 सत्र में बीएड में दाखिले का प्रतिशत लगभग 98% था। इस बार पंजीकरण में यह संख्या करीब 10% गिर गई है। कई छात्रों ने दाखिला लेने के बावजूद पंजीकरण नहीं कराया।

राज्य में पिछले कुछ वर्षों से उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षक नियुक्ति नहीं हो रही है।

सवाल उठ रहा है कि क्या इसी कारण इस बार बीएड में पंजीकरण की प्रक्रिया के बाद इतने बड़े पैमाने पर सीटें खाली रह गई हैं?

## बेहाला के निजी नर्सिंग होम में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बेहाला स्थित शखेर बाजार में एक निजी नर्सिंग होम में आग लगने की घटना सामने आई। सूत्रों के अनुसार, नर्सिंग होम की पहली मंजिल पर आग लगी थी। उस समय नर्सिंग होम के अंदर कई मरीज मौजूद थे। जिन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर निकाल लिया गया। खबर मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए कार्रवाई शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का मुख्य कारण माना जा रहा है। हालांकि, दमकल विभाग की तत्परता के कारण आग पर जल्दी काबू पा लिया गया। इस मामले की जांच जारी है।

## काकद्वीप में 100 मीटर क्षेत्र में नदी कटाव, ज्वार में डूबने का खतरा, घर और जमीन संकट में

❑ **क्षेत्र के निवासियों में फैली दहशत**

**कोलकाता :** काकद्वीप के गोबदिया नदी में कटाव ने भयंकर रूप ले लिया है। सोमवार सुबह से दक्षिण 24 परगना के रामगोपालपुर हरेंद्रनगर मंदिर घाट क्षेत्र में नदी का कटाव शुरू हुआ। लगभग 100 मीटर क्षेत्र में नदी तट का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया है। इससे इलाके के निवासियों में भारी दहशत फैल गई है।

नदी के किनारे कई दुकानें मौजूद हैं, जिन्हें डूबने के डर से दुकानदार अपना सामान हटाकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी इस स्थिति से निपटने के प्रयास किए जा रहे हैं।



मुरीगंगा नदी के सागर क्षेत्र में भी नदी तट पर फिर से कटाव देखा गया है। कपिल मुनि के आश्रम के पास एक बार फिर से नदी का किनारा टूटने लगा है। कटाव को रोकने के लिए प्रशासन युद्ध स्तर पर काम कर रहा है।

अब काकद्वीप के रामगोपालपुर हरेंद्रनगर मंदिर घाट क्षेत्र में भी कटाव तेज हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे पहले भी इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नदी कटाव हुआ था और उस समय प्रशासन ने कटाव रोकने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

सोमवार तड़के से ही इस क्षेत्र में पुनः कटाव शुरू हो गया है। गोबदिया नदी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। मंदिर घाट क्षेत्र से लगभग 100 मीटर तक धंसाव हो चुका है। आशंका जताई जा रही है कि अगर कटाव इसी तरह जारी रहा तो बड़े हिस्से में भारी नुकसान हो सकता है।

नदी का जल धीरे-धीरे क्षेत्र में घुस रहा है। आने वाले ज्वार के दौरान नदी के और अधिक उग्र होने की संभावना है, जिससे बड़े स्तर पर तबाही हो सकती है।

फिलहाल स्थानीय दुकानों का सारा सामान हटाया जा रहा है। अगर ज्वार के दौरान कटाव और बढ़ा, तो कृषि भूमि और रिहायशी इलाकों में जलभराव की गंभीर आशंका है। प्रशासन इस विषय पर सक्रिय रूप से कदम उठा रहा है।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- PROPERTY
- RECRUITMENT
- EDUCATION
- NAME CHANGE
- PUBLIC NOTICE
- OBITUARY
- REMEMBRANCE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# नौकरी गंवा चुके शिक्षकों के कालीघाट अभियान को लेकर तनाव, हाजरा में घंटों हंगामा



**कोलकाता, समाज्ञा :** बेरोजगार शिक्षकों द्वारा कालीघाट अभियान के तहत सोमवार को हाजरा चौराहे को लगभग एक घंटे तक ठप कर दिया व हंगामा किया। बेरोजगार शिक्षकों ने आरोप लगाया कि वह लोग मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने आये थे लेकिन इसका उन्हें मौका नहीं दिया गया। इसके बाद, उन्होंने हाजरा चौराहे पर नाकाबंदी शुरू कर दी। व्यस्त आशुतोष मुखर्जी रोड और हाजरा रोड चौराहे पर ट्रैफिक लगभग एक घंटे तक ठप रहा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2016 में एसएससी (स्कूल सेवा आयोग) की भर्ती परीक्षा पास करने के बावजूद उन्हें दागी करार दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि उन्हें या तो फिर से बहाल किया जाए या अदालत के निर्देश के अनुरूप कम से कम 31 दिसंबर तक कार्य करने की अनुमति दी जाए। पुलिस ने जब उन्हें मुख्यमंत्री के कालीघाट स्थित आधिकारिक आवास, जो घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर है, की ओर बढ़ने से रोका तो झड़प की स्थिति बन गई। कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस वाहनों में बैठा कर हटाया गया, जबकि कुछ को सड़क किनारे ले जाकर समझाया गया। एक महिला प्रदर्शनकारी सड़क पर लेटकर विरोध जताती रही और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हाथ जोड़कर विनती करने के बावजूद भी हटने से इनकार कर दिया। वहीं, एक अन्य प्रदर्शनकारी ने अपने ओएमआर शीट की फोटो दिखाते हुए एसएससी पर फूट डालो और राज करो की नीति अपनाने का आरोप लगाया। एक शिक्षक ने कहा कि हमने 2016 में पहले एसएससी परीक्षा निष्पक्ष तरीके से पास की थी, इसके बावजूद हमें सामाजिक अपमान झेलना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि भ्रष्टाचार के कारण दागी और निर्दोष अभ्यर्थियों के बीच फर्क कर पाना मुश्किल है, फिर भी राज्य सरकार हमें अलग-थलग क्यों कर रही है? दक्षिण 24 परगना जिले के एक पूर्व गैर-शिक्षण कर्मी बिपुल जाना ने कहा कि एसएससी ने जिन शिक्षकों को निर्दोष माना है, उनकी सूची जिला निरीक्षकों को भेजी है, लेकिन ग्रुप सी और ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए कोई योजना नहीं बनाई गई। हमने भी 2016 में ईमानदारी से नौकरी पाई थी, लेकिन अब भविष्य अंधकारमय है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा घोषित अस्थायी भत्ते की भी आलोचना की। बिपुल जाना ने कहा कि ग्रुप सी के लिए 25 हजार और ग्रुप डी के लिए 20 हजार प्रति माह का भत्ता दिसंबर 31 तक देना नाकाफी है। यह विरोध प्रदर्शन 'यूनाइटेड टीचिंग एंड नॉन-टीचिंग एम्प्लॉयीज फोरम' के नेतृत्व में आयोजित किया गया था, जो लगभग 40 मिनट तक चला। इसके बाद, पुलिस ने सड़क को खाली करवाया।

# साइंथिया में घास के ढेर में रखे प्लास्टिक ड्रम से 10 ताजा बम बरामद



**बीरभूम :** जिले के साइंथिया में सोमवार को घास के ढेर से बम बरामद किया गया। एक प्लास्टिक ड्रम के अंदर 10 ताजा बम पाए गए। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। बता दें कि गत शुक्रवार को इसी पंचायत के दक्षिण सिजा गांव में बम विस्फोट हुआ था। विस्फोट सिजा गांव में शेख फिरोज के घर पर हुआ था। इसके बाद, गत रविवार को अकुड़ीही इलाके में शेख इमामुद्दीन के घर पर विस्फोट हुआ था। विस्फोट की तीव्रता से पूरा इलाका हिल गया था। रिपोर्टों के अनुसार, पुलिस ने दोनों घटनाओं की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे पहले कि उस घटना के परिणाम सुलझ पाते, सोमवार को इलाके से बम बरामद हुआ। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार के विस्फोट के बाद सोमवार की सुबह से इलाके में तलाशी शुरू हुई। साइंथिया थाने की पुलिस बम की तलाश के लिए मेटल डिटेक्टर लेकर इलाके में गई। बताया जा रहा है कि ये बम रविवार को हुए विस्फोट स्थल से कुछ सौ मीटर की दूरी पर बरामद किए गए। यह बम इलाके में घास के ढेरों के बीच एक प्लास्टिक के ड्रम में पाया गया। निवासियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। बाद में, ड्रम से कम से कम 10 नए बम बरामद किए गए। गांव में और कितने बम जमा हैं? इन बमों का भण्डारण कौन कर रहा है? यह प्रश्न उठ रहा है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बम किसने रखा। प्रशासन कथित तौर पर क्षेत्र में एक अस्थायी पुलिस शिविर स्थापित करने की भी योजना बना रहा है। लगातार तीन दिनों से हो रहे विस्फोटों और बमों की बरामदगी से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई है।

## आरजीकर मेडिकल कॉलेज में लगी आग, फैला दहशत



**कोलकाता, समाज्ञा :** शहर कोलकाता में स्थित आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के शैक्षणिक भवन की 9वीं मंजिल पर स्थित लाइब्रेरी में सोमवार को आग लग गई। पता चला है कि फॉल्स सीलिंग के अंदर शॉर्ट सर्किट के कारण संभवतः आग लगी। लाइब्रेरी को तुरन्त खाली कराया गया। आग की खबर तेजी से फैल गई और पूरे अस्पताल में दहशत फैल गई। बाद में, अग्निशमन यंत्रों और एक दमकल गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। बताया गया है कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

# शमसेरगंज में 16 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ दो युवक गिरफ्तार



**मुर्शिदाबाद :** जिले के शमसेरगंज में सोमवार को भारी मात्रा में नकली नोटों की बरामदगी हुई है। बताया गया है कि इस दिन, सुबह में धुलियान गंगाघाट से करीब 16 लाख रुपये के जाली नोटों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों युवक अलामिन शेख (20) और मिस्टोर शेख (21) हैं, जो मालदह जिले के वैष्णवनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये दोनों युवक नकली नोटों को मालदह से शमसेरगंज ले जा रहे थे। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने धुलियान गंगाघाट पर छापा मारा और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जब्त किए गए सभी नोट 500 रुपये के थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों युवकों को जंगीपुर अदालत में पेश किया और सात दिन की हिरासत की मांग की। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि नकली नोट कहां से लाए गए थे और इन्हें किसे पहुंचाने की योजना थी। इसके अलावा, पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि नकली नोटों के इस गिरोह में कोई और व्यक्ति तो शामिल नहीं है।

# बीरभूम में तालाब में मछलियां पकड़ने गए तीन बच्चे की डूबकर मौत



**बीरभूम :** तालाब में मरी हुई मछलियां पकड़ने गए तीन बच्चे की तालाब में डूबकर मौत हो गयी। यह दुखद घटना सोमवार को बीरभूम के नलहाटी थाना अंतर्गत बारा गांव में घटी। मृतकों की पहचान नसरीन खातून (4), नूरानी खातून (5) और तमीम शेख (8) के रूप में हुई है। दुर्घटना की खबर मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंचे। तीन बच्चों की मौत से इलाके में शोक की छाया छा गई है। बताया जा रहा है कि इस दिन, सुबह में बारा गांव के ऊपर तरहाट मोहल्ले में तालाब के बगल में स्थित बुधतला तालाब के पानी में मरी हुई मछलियां तैरती देखी गईं। दोपहर करीब 12 बजे चार बच्चे उक्त तालाब पर गए। मरी हुई मछलियां देखकर तीन बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए तालाब की ओर गए। वे तीनों फिसलकर तालाब में गिर गये। उनमें से कोई भी तैरना नहीं जानता था। परिणामस्वरूप, वे पानी में डूब गए। किनारे पर खड़े एक अन्य बच्चे ने यह घटना देखी और तुरंत गांव के बुजुर्गों को इसकी सूचना देने के लिए दौड़ा। उसकी बात सुनकर गांव के लोग तालाब की ओर दौड़ पड़े। लेकिन बच्चों को बचाना संभव नहीं हो सका। तीनों बच्चे पानी में तैरते नजर आए। उन्हें तुरंत बचाया गया और लोहापुर ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की छाया है। घटना की खबर मिलते ही नलहाटी-2 ब्लॉक के बीडीओ राजतरंजन दास समेत प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंचे। नलहटी थाने की लोहापुर चौकी की पुलिस भी जांच के लिए गांव गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज अस्प-ताल भेज दिया गया है।

# जायसवाल विद्या मंदिर फॉर गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल में चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** जायसवाल विद्या मंदिर फॉर गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल अंडर गवर्नमेंट ऑफ वेस्ट बंगाल में सोमवार को चित्र कला प्रतियोगिता मनाया गया। इस प्रतियोगिता में 150 छात्राओं ने भाग ली। इस मौके पर स्कूल के प्रेसिडेंट विकास जायसवाल, प्रधान अध्यापिका रूपा चक्रवर्ती, मुख्य अतिथि रीना जायसवाल, राजेश जायसवाल, सारिका जायसवाल, सिंधु जायसवाल, मधु जायसवाल, विनोद जायसवाल, लालता प्रसाद साव, सतीश दोकानिया, नंदकिशोर जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, के अलावा स्कूल के सभी शिक्षक दीपक कुमार साहू, अनीता कुमारी, वाल्मीकि मंजू पांडे, जया प्रतिमा, सुचित्रा दत्ता सरकार, दीपन्निता हालदार, देवजानी पाल सामानता, श्रेष्ठा मैडम, राकेश प्रसाद दास ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। सभी बच्चों को अल्पाहार और पुरस्कार बुक पेन इत्यादि से सम्मानित किया गया।

# पूर्व रेलवे ने इंजीनियरिंग टीम को 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' 2024-25 से किया सम्मानित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने सोमवार को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य ट्रैक मेंटेनेंस कार्य और लेवल क्रॉसिंग गेट्स को समाप्त करने के लिए सीमित ऊंचाई सबवे और रोड ओवर ब्रिज के निर्माण में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले कार्यों को मान्यता देना था। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में सामूहिक कौशल और टीमवर्क के महत्व को रेखांकित किया, जो पूर्व रेलवे को उच्चतम स्तर की प्रतिष्ठा प्राप्त करने में मदद कर रहा है। साथ ही यात्रियों के लिए सुरक्षा और सुविधा को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इस सम्मान समारोह में महाप्रबंधक ने प्रमुख मुख्य अभियंता विक्रम गुप्ता को उनके अद्वितीय नेतृत्व के लिए एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस कार्यक्रम में विक्रम गुप्ता ने 240 कर्मचारियों को उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया और उन्हें स्मृति चिन्ह दिए। उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष में पूर्व रेलवे ने रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित ट्रैक कार्य के सभी लक्ष्यों को पार किया और रिकॉर्ड 56 लेवल क्रॉसिंग गेट्स को सीमित ऊंचाई सबवे और रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के माध्यम से बंद किया, जो कि पूर्व रेलवे के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# मिसेज इंटरनेशनल प्रतियोगिता में लिलुआ की पलक सिंह बनीं उपविजेता




**हावड़ा :** थाइलैंड के पटाया के गार्डन क्लिफ रिजार्ट एंड स्पा में आयोजित तीन दिवसीय इंडी रॉयल मिस एंड मिसेज इंटरनेशनल- 2025 की मिसेज इंटरनेशनल प्रतियोगिता में लिलुआ की रहने वाली पलक सिंह उप-विजेता हुई हैं। इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। पलक दो बच्चों की मां हैं। पति ठाकुर सिंह रेलवे में कार्यरत हैं। पलक ने बताया कि उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी बहुत पहले से शुरू कर दी थी। उन्होंने इस खिताब का श्रेय परिवार के सभी सदस्यों को दिया है। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम भारतीय समुदाय के साथ मिलकर आयोजित किया गया था और इसका उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाना और महिलाओं को सशक्त बनाना था।

# कोलकाता में भारतीय रेल के साथ लोकसभा समिति की बैठक आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में लोकसभा समिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल और समिति के अन्य सदस्यों ने 26 अप्रैल को पूर्व रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और उत्तर-पूर्वी सीमांत रेलवे के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में 11 सांसद शामिल थे। बैठक के दौरान पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने समिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसदों में राजीव प्रताप रुडी, एम। के। राघवन, कल्याण बनर्जी, अरविंद गणपत सावंत, जुगल किशोर, डॉ। भोला सिंह, वी वैतलिंगम, बी। के। पार्थसारथी, राजकुमार सांगवान और मनीष जायसवाल उपस्थित रहे। बैठक में मिलिंद देऊस्कर ने समिति के सदस्यों को पिछले कुछ वर्षों में पूर्व रेलवे की प्रमुख उपलब्धियों और पहलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन उपलब्धियों में यात्री लोडिंग, समयपालन, सुरक्षा सुधार, अवसंरचना पर खर्च, नए खंडों का उद्घाटन, पश्चिम बंगाल में चल रहे परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं के कार्य, भीड़ प्रबंधन, जागरूकता अभियान और हरित पहलें शामिल थीं। बैठक में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) पी।के। शर्मा, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त परमशिव और पूर्व रेलवे के उप महाप्रबंधक (सामान्य) वेद प्रकाश उपस्थित रहे।

## सियालदह डिवीजन में यात्रा अनुभव सुधारने के लिए डीआरएम ने कर्मचारियों और यात्रियों से किया संवाद



**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने राणाघाट सेक्शन के रेलवे कर्मचारियों के साथ विस्तृत संवाद स्थापित किया। साथ ही, राणाघाट, बैरकपुर और नैहाटी जैसे प्रमुख स्टेशनों का दौरा किया। इस दौरान श्री सक्सेना ने विभिन्न विभागों के कर्मचारियों से मुलाकात की और परिचालन क्षमता और सुधार के संभावित पहलुओं पर उनके दृष्टिकोण को समझा। डीआरएम ने इन स्टेशनों पर यात्रियों से भी सीधे संवाद किया। इस संवाद के दौरान, स्टेशनों और उनके परिसरों के सौंदर्यकरण पर विचार-विमर्श किया गया। डीआरएम ने यात्रियों की सुविधा और आराम पर जोर दिया। इन संवादों के दौरान, राजीव सक्सेना ने रेलवे के हर कर्मचारी की समर्पण और प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला, जो रेलवे को आगे बढ़ाने में सहायक होती है। चर्चा में सहयोगात्मक रणनीतियों और व्यक्तिगत योगदानों पर जोर दिया गया, जिससे सियालदह डिवीजन में सेवा और परिचालन उत्कृष्टता के स्तर को ऊंचा किया जा सके।

# कोलकाता मेट्रो रेल के हरित पहल और सौर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

- **रेलवे बोर्ड के एडिशनल मेंबर (रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन) डॉ. जयदीप गुप्ता ने की बैठक**

**कोलकाता :** मेट्रो रेल भवन में डॉ. जयदीप गुप्ता, एडिशनल मेंबर (रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन), रेलवे बोर्ड ने कोलकाता मेट्रो रेलवे की विभिन्न हरित पहल और सौर ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में ऊर्जा बचत और दक्षता सुधार परियोजनाओं जैसे स्टील थर्ड रेल के स्थान पर उच्च प्रवाहकीय एल्यूमिनियम थर्ड रेल के प्रतिस्थापन, भूमिगत सेक्शन के लिए टनल वेंटिलेशन सिस्टम (टीवीएस) और एन्वायरनमेंट कंट्रोल सिस्टम (ईसीएस) के आधुनिकीकरण तथा उन्नत रासायनिक बैटरी के साथ बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



स्टील थर्ड रेल की जगह उच्च प्रवाहकीय एल्यूमिनियम थर्ड रेल लगाने से थर्ड रेल में ऊष्मा के रूप में होने वाले नुकसान में 80% तक की कमी आएगी। वहीं टीवीएस और ईसीएस में द्विदिशात्मक पंखों के साथ विभिन्न मोड्स लागू किए जाएंगे, जिससे वेंटिलेशन सिस्टम को आवश्यकता अनुसार चलाया जा सकेगा, बजाय 247 लगातार चलाने के। इससे हर साल करीब 20 करोड़ रुपये की बचत संभव होगी।

बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम मेट्रो रेलवे को पीक सेविंग करने और रिजनरेटिव एनर्जी को संचित कर गैर-पीक समय में अन्य प्रणालियों में उपयोग करने में सहायता करेगा।

अब तक मेट्रो रेलवे ने 4 मेगावाट सौर पैनल स्थापित कर लिए हैं और अगले दो वर्षों में अतिरिक्त 23.5 मेगावाट सौर पैनल लगाने की योजना बनाई है। इसके लिए विस्तृत योजना तैयार कर ली गई है और रेलवे बोर्ड की मंजूरी की प्रतीक्षा है।

बैठक के बाद डॉ. जयदीप गुप्ता ने विनीते सिक्का, प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रिब्यूशन), सीईएससी के साथ बैठक की, जिसमें मेट्रो रेलवे को अक्षय ऊर्जा स्रोतों से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और 2030 तक भारतीय रेलवे के 'नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन' लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

इस चर्चा में ओपन एक्सेस मॉडल, रिन्युएबल एनर्जी सर्विस कंपनी (आरईएससीओ) मॉडल, नेट बिलिंग, कैप्टिव प्लांट और सीईएससी से सीधे ग्रीन पावर प्राप्त करने के विकल्पों पर भी विचार किया गया। विनीते सिक्का के नेतृत्व में सीईएससी टीम ने ग्रीन एनर्जी खरीदने के लिए विभिन्न टैरिफ संरचनाओं और उपलब्ध विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने 2026 के लिए डेवलपमेंट लीडरशिप में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा की प्रवेश प्रक्रिया शुरू की

**कोलकाता :** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलुरु ने डेवलपमेंट लीडरशिप प्रोग्राम में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेशकी प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। यह डिप्लोमा 11 महीनों का एक पार्ट टाइम प्रोग्राम है। इसे ऐसे डिजाइन किया गया है कि एडमिशन लेने वाले लोग अपने मौजूदा काम और अपने जॉब को जारी रखते हुए इसे पूरा कर सकें। तीन सत्रों का यह प्रोग्राम कैम्पस में पढ़ाई और ऑनलाइन लर्निंग का एक बेहतरीन मेल है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2025 है, लिखित असाइनमेंट और इंटरव्यू जून-जुलाई 2025 के लिए निर्धारित हैं, कक्षाएं जनवरी, 2026 के पहले सप्ताह में शुरू होंगी। स्कूल ऑफ़ डेवलपमेंट की डायरेक्टर अरिमा मिश्रा ने कहा कि यह प्रोग्राम डेवलपमेंट सेक्टर के मध्य और वरिष्ठ स्तर के पेशेवरों को विकास के व्यापक परिप्रेक्ष्य में अपने अनुभवों को देखने-समझने और उन्हें लागू करने का मौका देता है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 25 में 1,525 करोड़ रुपए रहा

**मुंबई/कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने वित्त वर्ष 25 में 1,525 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया। ग्राहक जमा 25% बढ़कर 2,42,543 करोड़ रुपए हो गई, जबकि ऋण और अग्रिम 20.4% बढ़कर 2,41,926 करोड़ रुपए रहे। बैंक का ग्रॉस एनपीए 1.87% और नेट एनपीए 0.53% रहा, जो संपत्ति गुणवत्ता में मजबूती को दर्शाता है। बैंक ने 7,500 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाने के लिए वॉरबर्ग पिंकस और एडीआईए के साथ समझौता किया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का कासा अनुपात 46.9% रहा और बैंक ने 0.25 रुपए प्रति शेयर लाभांश की घोषणा भी की। बैंक का डिजिटल प्लेटफॉर्म देश में शीर्ष रैंकिंग पर रहा है। बैंक ने जिम्मेदारीपूर्वक वृद्धि और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग का संकल्प दोहराया।

# हावड़ा डिवीजन ने 100 वर्षों की उपलब्धि को हरित अभियानों और सफाई कार्यक्रमों से मनाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने अपनी शताब्दी के अवसर पर एक श्रृंखला कार्यक्रमों का आयोजन किया, जो सेवा और जिम्मेदारी की भावना को दर्शाते हैं। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डीआरएम संजीव कुमार ने किया। हावड़ा डिवीजन के कर्मचारियों ने बोल-पुर स्टेशन पर एक उल्लासपूर्ण प्रभात फेरी में भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य हावड़ा डिवीजन की गौरवमयी विरासत के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस जुलूस के बाद, स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चलाया गया, जो भारतीय रेलवे की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता और स्वच्छ भारत मिशन के आदर्शों को मजबूत करने के उद्देश्य से था। इसके साथ ही तेलकल घाट पर भी एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जागरूकता अभियान के अलावा, एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जो डिवीजन की पर्यावरणीय स्थिरता और हरित पहलों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक था। कार्यक्रम का समापन स्थानीय परिवेश को सुधारने और सार्वजनिक स्थलों को बनाए रखने के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु एक व्यापक सफाई अभियान के साथ हुआ। ये पहलें हावड़ा डिवीजन द्वारा 100 वर्षों की सेवा का एक सार्थक श्रद्धांजलि प्रस्तुत करती हैं, जो भारतीय रेलवे के अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण और जन सहभागिता के स्थायी मूल्यों को दर्शाती हैं।

## शरबत वितरण का आयोजन हुआ सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** आविर्भाव संकल्प एवं भोले के बराती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पंचमुखी हनुमान मंदिर चित्तपुर के पास शरबत वितरण का आयोजन किया गया। इस सामाजिक आयोजन में दोनों संस्थाओं के सदस्यों ने राहगीरों को शीतल शरबत वितरित किया। आयोजन में मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा विभाग, कोलकाता के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हेमेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि सेवा के कई रूप होते हैं। संस्था के संरक्षक श्रीमोहन तिवारी ने कहा कि सेवामूलक कार्य मनुष्य का धर्म है। संस्था इन कार्यों के लिए तत्पर रहती है। संस्थाध्यक्ष विजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि हमारी पहचान हमारे कर्मों से होती है। भोले के बराती संस्था के अध्यक्ष देवकी नंद बाजोरिया ने कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सेवा है। इस आयोजन में सोमनंदन चौबे, लक्ष्मी तिवारी, प्रकाश मिश्रा, राजनारायण जायसवाल, जगदीश जायसवाल, केशव साव, दीपक बाजोरिया, वीरेंद्र मेहरिया, गौतम सांगनेरिया, विशाल खेतान, नितिन अग्रवाल, अजीत शर्मा, हरीश मित्तल, विकास अग्रवाल के अलावा दोनों संस्था के अन्य सदस्य की सक्रिय भूमिका रही।

# हावड़ा डिवीजन में तीन प्रमुख पुलों के पुनर्निर्माण कार्यों का सफलतापूर्वक समापन



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने 26 और 27 अप्रैल को ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के दौरान महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा उन्नयन कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान, आजिमगंज जंक्शन-नलहाटी जंक्शन खंड में तीन प्रमुख ईंटों से बने पुलों, पुल संख्या 01, 09 और 12 के पुनर्निर्माण कार्यों को पूरा किया गया। ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के लिए निर्धारित समय 10 घंटे 50 मिनट था। पुल संख्या 01 के लिए और पुल संख्या 09 और 12 के लिए 8 घंटे 15 मिनट था। इन समयों का प्रभावी उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण नागरिक कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। पुल संख्या 01 के लिए मौजूदा संरचना को हटाकर आरसीसी बॉक्स ब्रिज का निर्माण किया गया। जिसमें 4 स्लैब्स और 7 बॉक्स का इस्तेमाल किया गया। यही कार्य निर्धारित समय में पूरी तरह से संपन्न हुआ। पुल संख्या 12 के लिए भी यही प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें मौजूदा पुल को हटाकर आरसीसी बॉक्स ब्रिज का निर्माण किया गया। जिसमें 3 स्लैब्स और 4 बॉक्स का उपयोग किया गया। यही कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया गया। पुल संख्या 09 के लिए भी यही प्रक्रिया लागू की गई और इसे भी सफलता से पूरा किया गया।

इन महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने के लिए भारी मशीनरी का उपयोग किया गया, जिनमें 140टी रेलवे क्रेन, 300टी रोड क्रेन्स, पॉकलाइन्स, जेसीबी ब्रेकर्स और जेसीबी शामिल थे।

# बस मेरे बेटे को लौटा दो : पूर्णम साव के परिवार की पुकार

**हुगली :** पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा हिरासत में लिए गए बीएसएफ जवान पूर्णम साव की रिहाई को लेकर उनके घर में बेचैनी और भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। रिसड़ा निवासी पूर्णम साव के घर पर नेताओं, विधायकों और सांसदों का तांता लगा हुआ है। सभी ने जवान की सकुशल वापसी का भरोसा दिलाया है, लेकिन परिवार की चिंता हर पल बढ़ती जा रही है।

पूर्णम की गर्भवती पत्नी रजनी साव ने भावुक होकर कहा, आज सात दिन हो गए, लेकिन न तो उनकी सलामती की कोई खबर मिली है, न यह पता चल रहा कि सरकार क्या कदम उठा रही है।



बिना किसी जानकारी के इस असमंजस की स्थिति में पूरा परिवार खुद ही पूर्णम की तलाश में जुट गया है। रजनी साव, उनका बेटा अरव, और अन्य परिजन – पिंकी गुप्ता, पूजा गुप्ता और सत्य प्रकाश गुप्ता – कोलकाता से पठानकोट रवाना हो गए हैं। उनकी यात्रा की व्यवस्था नगरपालिका चेयरमैन विजय सागर मिश्रा ने निजी प्रयासों से की है।

रजनी की हालत गर्भवती होने के कारण और भी नाजुक है, लेकिन पति के लिए उनकी चिंता हर दर्द पर भारी है। उन्होंने कहा, बीएसएफ या भारत सरकार की ओर से हमें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। मैं सिर्फ यह जानना चाहती हूं कि मेरे पति सुरक्षित हैं या नहीं।

पूर्णम की मां की आँखों में आँसू थमने का नाम नहीं ले रहे। उन्होंने भर्राए स्वर में कहा, मेरा सबकुछ ले लो, बस मेरे बेटे को लौटा दो।

पूर्णम के बेटे अरव ने मासूमियत से कहा, मेरी सेना और सरकार से गुज़ारिश है कि मेरे पापा को वापस लौटा दें। मुझे पापा बहुत याद आते हैं, मैं उन्हें बहुत मिस करता हूं।

**विजय सागर मिश्रा** ने कहा, ऐसे समय में इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है। मैं इस परिवार के साथ खड़ा हूं। विजय सागर मिश्रा ने बताया कि परिवार के पांच सदस्य इंडिगो की एक बजे की फ्लाइट से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए, जो शाम चार बजे वहां पहुंचीं। चंडीगढ़ में बीएसएफ अधिकारियों ने परिवार को रिसीव किया और वहां से पठानकोट ले जाकर मौजूदा हालात की जानकारी देने की प्रक्रिया शुरू की।

# प्राथमिक के 32 हजार नौकरी रद्द मामले की सुनवाई 7 मई को होगी

**❑ हाई कोर्ट ने सभी पक्षों को दस्तावेज दाखिल करने का दिया आदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट में 32,000 प्राथमिक नौकरियों को रद्द करने के मामले की सुनवाई थी। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती ने कहा कि मामले की सुनवाई 7 मई से शुरू होगी। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड पहले अपनी बात रखेगा। साथ ही, इस दिन, मामले के सभी पक्षों को अदालत में दस्तावेज (कागज़ी पुस्तकें) जमा करनी होंगी। अदालत के पास एक साथ कई वकीलों के बयान सुनने का समय नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि जिन वकीलों के विचार और मुद्दे एक जैसे हों, उन्हें एक व्यक्ति के नेतृत्व में अदालत में एक साथ अपना बयान प्रस्तुत करना चाहिए। बता दें कि इससे पहले इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सौमेन सेन कर रहे थे, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए खुद को सुनवाई से अलग कर लिया था। इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगनम ने मामला न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की पीठ को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, 2014 की टेट परीक्षा के आधार पर 2016 में पश्चिम बंगाल के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्तियां की गई थीं। इन नियुक्तियों में व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिसके बाद मई 2023 में तत्कालीन न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली ने 32 हजार नौकरियों को रद्द करने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी, जिसकी सुनवाई अब शुरू होने जा रही है। सोमवार को मामले का उल्लेख न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती की खंडपीठ में किया गया। हाई कोर्ट ने निर्देश दिया कि सात मई तक सभी पक्ष अपने-अपने कागजात (पेपर बुक) दाखिल करें। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2016 के एसएससी पैनल को भी हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया था और बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस निर्णय को बरकरार रखा था, जिससे 25 हजार 752 अभ्यर्थियों की नौकरियां चली गई थीं। अब पूरे राज्य की नजर प्राइमरी के 32 हजार नौकरी रद्द करने के इस बड़े मामले पर टिकी हुई है।

## चटर्जीहाट में बंद घर से व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के चटर्जीहाट थाना इलाके में सोमवार को एक बंद घर से एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान स्नेहाशीष दत्तागुप्ता (57) के रूप में की गई है। बताया गया है कि इस दिन, शाम को चटर्जीहाट थाना अंतर्गत तांतीपाड़ा स्थित एक बंद मकान के अंदर से पड़ोसियों को दुर्गंध मिली। स्थानीय निवासियों ने पुलिस थाने को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया और व्यक्ति का शव बिस्तर पर पड़ा देखा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि स्नेहाशीष 15 अप्रैल को किराया वसूलने के लिए घर पर आया था। वह अकेले रहते थे। उसका अपने पड़ोसियों से ज्यादा मेलजोल नहीं था। उन्हें आखिरी बार पिछले शुक्रवार को अपने घर से निकलते हुए देखा गया था। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## हावड़ा में गंगा के कटाव और प्रदूषण को रोकने के लिए मैनग्रोव पौधों की रोपाई

**❑ गंगा के कटाव से प्रभावित हो रहा था बी गार्डन**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शहर अब गंगा के बढ़ते कटाव और प्रदूषण को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। शिवपुर बोटैनिकल गार्डन (बी गार्डन) ने गंगा के किनारे लगभग 500 मीटर क्षेत्र में मैनग्रोव के पौधे लगाए हैं। इन पौधों की रोपाई से न केवल गंगा के पानी में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सकेगा, बल्कि गंगा के कटाव और प्राकृतिक आपदाओं जैसे तूफान और भारी बारिश के प्रभाव को भी कम किया जा सकेगा। पर्यावरणविदों का मानना है कि मैनग्रोव पौधे इस संदर्भ में एक प्रभावी भूमिका निभाएंगे। गौरतलब है कि हाल ही में गंगा के कटाव के कारण बी गार्डन को भारी नुकसान हो रहा था। गंगा के पानी में भूमि डूबने से बगान के कई पेड़ नष्ट हो गए थे और कई दुर्लभ पेड़ भी गंगा में समा गए थे। इस विनाश को रोकने के लिए बी गार्डन प्रशासन ने गंगा के किनारे मैनग्रोव का जंगल बनाने का निर्णय लिया। बी गार्डन प्रशासन ने बताया कि गंगा के किनारे 7 प्रकार के मैनग्रोव पेड़ों के पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों में हार्गोजा, पाइन और उरांव जैसी मैनग्रोव प्रजातियां शामिल हैं। बी गार्डन के वैज्ञानिकों ने कुछ महीनों पहले हावड़ा के पानी में मैनग्रोव की रोपाई का प्रयोग किया था और अब इस प्रयास में सफलता मिली है। बी गार्डन के जॉइंट डायरेक्टर देवेंद्र सिंह ने कहा, गंगा के कटाव और प्रदूषण को रोकने में मैनग्रोव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नदी के किनारे ये पौधे स्वाभाविक रूप से उग रहे हैं। हम एक और किमी क्षेत्र में मैनग्रोव के पौधे लगाएंगे।

## नाबालिगों के अपहरण और तस्करी के आरोपी दंपति को पांच साल की सश्रम कारावास

**हावड़ा, समाज्ञा :** दो नाबालिगों का अपहरण कर उनकी तस्करी करने के मामले में हावड़ा के द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के जज सोमेश प्रसाद सिन्हा ने एक दंपति को दोषी करार देते हुए पांच-पांच साल की सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। सथ ही, दंपति को 10 हजार रुपये जुर्माना भी देने होंगे, नहीं तो सजा की अवधि बढ़ जायेगी। यह जानकारी एपीपी अरिंदम मुखर्जी ने दी। उन्होंने बताया कि लिलुआ की रहने वाली नाबालिग 28 अप्रैल, 2023 को शाम 4 बजे अपनी एक सहेली के साथ घूमने के लिए निकली थी। हावड़ा स्टेशन पर दोनों की मुलाकात पूर्व परिचित सोनू प्रसाद और पिंकी प्रसाद से हुई। दंपति ने दोनों नाबालिगों को अपने झांसे में लेकर ट्रेन में बैठा दिया।



दोनों को यह नहीं पता था कि दंपती उनलोगों को लेकर कहां जा रहे हैं। इसी बीच, पीड़िता ने दंपति को फोन पर यह कहते हुए सुना कि उनलोगों को देवरिया लेकर जाया जा रहा है। दूसरी तरफ, रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने लिलुआ थाने में शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के आधार पर लिलुआ थाने की पुलिस ने एक लुकआउट नोटिस जारी करते हुए पूरे देश में नाबालिग की तस्वीर भेज दी। 29 अप्रैल, दोपहर को दंपती दोनों नाबालिगों को लेकर उत्तर प्रदेश के देवरिया स्टेशन पर उतरे। यहां उतरते ही देवरिया थाने की पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार करते हुए दोनों नाबालिगों को अपनी हिफाजत में ले लिया। यह खबर लिलुआ थाने को दी गयी। सूचना मिलते ही लिलुआ थाने की पुलिस परिजनों को लेकर देवरिया पहुंची। लिलुआ थाने की पुलिस गिरफ्तार दंपति को लेकर हावड़ा पहुंची और नाबालिगों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। मामले की सुनवाई हाबड़ा कोर्ट में शुरू हुई। छह गवाहों की गवाही ली गयी और सोमवार को कोर्ट ने दंपती को सजा सुना दी।

## हावड़ा पुलिस और रेल पुलिस के बीच टकराव, आठ घंटे तक पड़ा रहा मृत श्रमिक का शव

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा पुलिस और रेल पुलिस के बीच क्षेत्रीय विवाद के कारण हावड़ा के दासनगर स्टेशन के पास एक प्रवासी श्रमिक का शव आठ घंटे तक रेलवे ट्रैक पर पड़ा रहा। इस दौरान एक के बाद एक ट्रेनें मृत शरीर के ऊपर से गुजर गईं। मृतक श्रमिक का नाम सिंटू कुमार(22) है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का निवासी था। जानकारी के अनुसार, बाल्टिकुड़ी इलाके के पास एक ट्रेन के जनरल कंपार्टमेंट के पास दरवाजे के पास बैठकर युवक पर जा रहा था। इस दौरान वह गिर गया और ट्रेन उसके ऊपर से गुजर गई। बताया जा रहा है कि सिंटू के शव को उठाने के लिए कई बार रेल पुलिस से अनुरोध किया गया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं



मिली। इसके बाद यात्रियों ने दासनगर थाने में सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, सिटी पुलिस और रेल पुलिस के बीच शव उठाने को लेकर करीब दो घंटे तक विवाद चलता रहा। इस दौरान एक के बाद एक ट्रेनें मृतक के शव के ऊपर से गुजरती रही। इस बीच यात्रियों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद सिटी पुलिस ने शव को उठाया।

# गोलाबाड़ी में दवा दुकान पर पुलिस का छापा, दो गिरफ्तार

**दवा दुकान की आड़ में प्रतिबंधित कफ सिरप और अवैध गोलियां बेचने का आरोप**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के गोलाबाड़ी थाना अंतर्गत मुखराम कनोरिया रोड पर स्थित एक दवा दुकान पर पुलिस ने सोमवार की दोपहर छापा मारा। उक्त दवा दुकान पर प्रतिबंधित कफ सिरप और विभिन्न अवैध गोलियां बेचने के आरोप है। मामला सामने आते ही इलाके में हंगामा मच गया। क्षेत्र के निवासी एकत्रित हो गए। पुलिस ने विशिष्ट आरोपों के आधार पर दो दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, संबंधित दवा दुकान पर प्रतिबंधित और अवैध दवाओं के अलावा नकली दवाएं बेचने का भी आरोप है। पुलिस सूत्रों



के अनुसार, उक्त दुकान पर लंबे समय से अवैध दवाएं बेचने का आरोप था। जांच के दौरान जांचकर्ताओं को इस संबंध में कई जानकारियां प्राप्त हुईं। इस दिन, पुलिस अधिकारियों ने वहां तलाशी ली। इस पूरी घटना से आम जनता में नया भय फैल गया है।

## जोड़ासंको में हथियार बेचने आया कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में हथियार बेचने आया एक कुख्यात अपराधी पकड़ा गया। आरोपी का नाम विनोद राव (49) है। पता चला है कि सोमवार को जोड़ासांको पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि विनोद राव हथियार बेचने आ रहा है। तदानुसार जाल बिछाया गया। अपराधी को जोड़ासांको के रामप्रसाद साहा लेन में पकड़ा गया। उसके पास से एक घरेलू बंदूक और गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने बताया कि वह बंदूक किसी अन्य अपराधी को बेचने के लिए लाया था। गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति एक कुख्यात अपराधी है। वह पार्क



स्ट्रीट पुलिस स्टेशन क्षेत्र में विभिन्न अपराधों में शामिल है। हाल ही में, उसका नाम एक डकैती में शामिल था। कोलकाता के कई पुलिस थानों में उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज हैं। कुछ वर्ष पहले न्यूटाउन पुलिस स्टेशन में अपहरण के एक मामले में भी वह शामिल था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बिनोद इन हथियारों को बेचने के लिए इलाके में किसे आया था।

## पहलगाम हमले के विरोध में तैलिक साहू सभा का मौन जुलूस

**कोलकाता :** पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा मासूम पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में पश्चिम बंगाल तैलिक साहू सभा ने मौन प्रतिवाद जुलूस निकाला और मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। जुलूस का नेतृत्व कार्यवाहक अध्यक्ष भगवानदास आर्य, उपाध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता, महामंत्री मिश्रीलाल साव, राजनीति प्रकोष्ठ अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साव और कोषाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने किया।

जुलूस में महिला प्रकोष्ठ की कंचन गुप्ता, जिला कमेटी से सरजू प्रसाद, अनिल गुप्ता, शंकर गुप्ता तथा युवा प्रकोष्ठ से उमाशंकर साव सहित 300 से अधिक साहू बंधु शामिल हुए।

देशबंधु पार्क, श्यामबाजार पाँच माथा मोड़ और ए.बी. स्कूल होते हुए जुलूस सभा के कार्यालय (हेम




केर बाई लेन) तक पहुँचा। साल्ट लेक साहू समाज, कलकत्ता साहू समाज, मध्य कलकत्ता साहू समाज, बंग साहू समाज, तोपसिया तिलजला साहू समाज, हावड़ा भारतीय साहू समाज, धापा साहू समाज, साहू विकास संघ, माठपुकुर साहू समाज, कोलकाता साहू विकास ट्रस्ट, साहू समाज ट्रस्ट काकीनाड़ा, दक्षिणदारी साहू समाज, भवानीपुर साहू समाज और गार्डनरिच महेशतल्ला साहू समाज के सदस्यों ने भी भागीदारी निभाई। इस आयोजन को सफल बनाने में गणेश साव, देवनाथ साव, धनंजय गुप्ता, संजय साव, मनोज कुमार और पिंटू साव का विशेष योगदान रहा।

## अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर खरीदारी का उत्साह, ग्राहकों के लिए शानदार ऑफर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अक्षय तृतीया, जिसे हिंदू पंचांग के अनुसार विशेष रूप से शुभ माना जाता है। यह पर्व न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि धातुओं, विशेष रूप से सोने और चांदी की खरीदारी के लिए भी अत्यधिक शुभ होता है। इस दिन को लेकर बाजारों में एक खास उत्साह देखा जा रहा है, जहां लोग न केवल आभूषण खरीदने के लिए उमड़ रहे हैं, बल्कि इसके साथ ही विभिन्न ऑफर्स का भी लाभ उठा रहे हैं। हालांकि, गोल्ड रेट में बढ़ोतरी देखने को मिली है, लेकिन ग्राहकों में खरीदारी का जोश पहले से कहीं अधिक है।

**❑ इंडियन जेम एंड ज्वैलरी क्रिएशन**

भारतीय गहनों और आभूषण निर्माण इंडिया जेम एंड ज्वैलरी क्रिएशन ने अपने नवीनतम संग्रह 'स्वर्णम' को लॉन्च किया है। यह संग्रह पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइन का अनूठा मेल है, जिसमें जटिल फुलीग्री बालियां, आकर्षक पेंडेंट्स और रंगीन रत्नों से सजे अद्वितीय आभूषण शामिल हैं। ये आभूषण न केवल इस शुभ दिन को मनाने के लिए उपयुक्त हैं, बल्कि रोज़मर्रा के पहनावे और त्योहारों की रौनक बढ़ाने के लिए भी आदर्श हैं। इस अक्षय तृतीया पर ब्रांड ने सोने और जडाऊ आभूषणों पर 20% की छूट, हीरे और रत्नों पर 10% की छूट तथा चांदी और प्लेटिनम आभूषणों पर विशेष ऑफ़र की घोषणा की है। ग्राहक अपने पुराने रत्नों और हीरों को सोने में एक्सचेंज भी कर सकते हैं। आज की पीढ़ी आत्म-अभिव्यक्ति के लिए रचनात्मक और स्टाइलिश आभूषण पसंद करती है, और यही बात इस संग्रह में स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। पोल्की और सोने में 'चांदबाली' झुमके, सुरुचिपूर्ण नेकपीस, क्लासिक कड़े और



स्टेटमेंट रिंग्स इस सीज़न के प्रमुख आकर्षण हैं। यह संग्रह हर पोशाक में एक विशेष चमक और सौंदर्य जोड़ने की क्षमता रखता है। इस उत्सव पर खुद को शाही अंदाज में सजाने और आभूषणों के प्रति अपने प्रेम को मनाने का यह एक सुनहरा अवसर है।

**❑ महाबीर दानवर ज्वेलर्स**

महाबीर दानवर ज्वेलर्स ने अक्षय तृतीया के अवसर पर एक विशेष सोने-केंद्रित प्रदर्शनी आयोजित की, जिसमें आकर्षक ऑफर भी शामिल थे। इस दिन को समृद्धि और अच्छे भाग्य का प्रतीक माना जाता है और यह पारंपरिक रूप से सोने की खरीदारी से जुड़ा है। महाबीर दानवर ज्वेलर्स इस साल सोने, हीरे, जडाऊ, पोल्की और इटालियन चेन के कारीगरी से बने आभूषणों की एक समृद्ध श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। ग्राहक इस संग्रह में पारंपरिक और समकालीन डिज़ाइनों का आनंद ले सकते हैं। इस अवसर पर, हीरे और पोल्की आभूषणों पर मेकिंग चार्ज पर 51% तक की छूट दी जा रही है, साथ ही 4% तक की अतिरिक्त छूट भी है। सोने और जडाऊ आभूषणों पर मेकिंग चार्ज पर 35% तक की छूट और इटालियन चेन पर फ्लैट 20% की छूट भी मिल रही है। इसके अलावा, हर खरीदारी पर ग्राहकों को मुफ्त सोने और चांदी के सिक्के उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं। ग्राहकों को इन ऑफर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए 5100 का अग्रिम भुगतान कर बुकिंग करने की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे वे वर्तमान सोने की दर लॉक कर सकते हैं।

**❑ पन्ना डायमंड वर्ल्ड**

पन्ना डायमंड वर्ल्ड ने भी अक्षय तृतीया के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी बेहतरीन ऑफर पेश किए हैं। जो ग्राहकों को आकर्षित करेगी। पन्ना डायमंड वर्ल्ड के डायरेक्टर पिंटू अग्रवाल ने बताया कि इस साल भी वे ग्राहकों के लिए बेहतरीन ऑफर्स लेकर आए हैं। अगर ग्राहक 75,000 रुपये तक की खरीदारी करते हैं, तो उन्हें सिल्वर कॉइन और उससे ऊपर की खरीदारी करने पर गोल्ड कॉइन दिया जाएगा। इसके अलावा, मेकिंग में फ्लैट 50 प्रतिशत और डायमंड के मेकिंग चार्ज में 21 प्रतिशत की विशेष छूट भी दी जा रही है। यह ऑफर 2 मई तक वैध रहेगा, और यह ग्राहकों के लिए एक शानदार अवसर साबित हो सकता है। बाजारों में इस समय शानदार चहल-पहल है, जहां लोग सोने और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ डायमंड्स की खरीदारी के लिए भी उत्साहित हैं।

## महाराजा अग्रसेन धाम का अग्र मेधा सम्मान समारोह 15 जून को

**कोलकाता, समाज्ञा :** कर्मयोगी स्व. पुष्करलाल केडिया के सपनों को साकार करने में जुटा महाराज अग्रसेन धाम निरन्तर प्रगति पथ पर है। संस्था के अध्यक्ष ओम जालान व मंत्री निर्मल सराफ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बागनान स्थित धाम परिसर में सेवामूलक गतिविधियां निरन्तर संचालित हो रही हैं, साथ ही कतिपय नूतन प्रकल्पों की स्थापना का कार्य भी जारी है। उन्होंने बताया कि अग्रसेन धाम का बहुप्रशंसित अग्र मेधा सम्मान समारोह आगामी 15 जून को धन-धान्यो सभागार में आयोजित होगा, जिसमें समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को विगत वर्षों की तरह सम्मानित किया जाएगा। संस्था द्वारा मंगलवार, 29 अप्रैल को संस्था के संस्थापक स्मृतिशेष पुष्करलाल केडिया की अष्टम पुण्यतिथि पर श्री केडिया सभा में विनयांजलि सभा का



आयोजन किया गया है, जिसमें समाज की अनेक प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाएं शामिल हैं।

गत रविवार को कोलकाता के मशहूर एटमॉस्फेयर बिल्डिंग में एक साथ 15 नए ट्रस्टी जुड़े। इनमें रमेश गोयल, सुरेश गोयल, प्रदीप सोंथलिया, चित्तरंजन चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, पंकज गोयनका, संजय अग्रवाल, अमन अग्रवाल, अभिषेक सराफ, अभिमन्यु सराफ, अमित सराफ, गजानन्द मुनका, संतोष केडिया, आनन्द सरावगी, प्रणय धेलिया शामिल हैं।

रविवार को एटमॉस्फेयर बिल्डिंग में महिला समिति द्वारा पंचम श्री महालक्ष्मी मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इसमें महिला समिति की सुमन जालान, निर्मला अग्रवाल, सरिता सराफ, बीना चूड़ीवाला, प्रेम कायां, सुनीता अडूकिया, ममता केडिया, सुलेखा बगड़िया, अंजना अग्रवाल, सुधा सोंथलिया, इन्दु गोयल, नीलम अग्रवाल, नेहा अग्रवाल सक्रिय थीं। यजमान स्वरूप नीलू-बिरमप्रकाश सुल्तानिया, स्वाति-दीपक अग्रवाल, मंजु-सज्जन गोयनका, ज्योति-आनंद प्रकाश केजरीवाल, रूचि-आदित्य माखरिया, सुचित्रा-मनोज कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। निर्मल सराफ, श्यामसुंदर अग्रवाल, मुरारीलाल दीवान, अशोक चूड़ीवाला, अनिल केडिया, कैलाश कयाल, रमेश सोंथलिया, विनोद अग्रवाल, मनोज बगड़िया, राजीव कानोड़िया, नरेश कुमार अग्रवाल, ललित भालोटिया, बजरंगलाल अग्रवाल सहित कई जन उपस्थित थे। इस अवसर पर धाम के मुखपत्र अग्रकिरण का लोकार्पण भी किया गया।

## एनसीईआरटी से मुगल काल को नहीं हटाया गया : केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को कहा कि एनसीईआरटी की किताबों से मुगल काल को नहीं हटाया गया है, बल्कि केवल दोहराव वाली सामग्री को संपादित किया गया है। उन्होंने मुगल काल को भारतीय इतिहास का सबसे काला दौर बताया और कहा कि इसे अन्य ऐतिहासिक युगों की तर्ज पर महिमामंडित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुगल काल भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसी तरह का महत्व दूसरे युग को भी दिया जाना चाहिए, जो भारत का स्वर्णिम काल था।

## दहेज की मांग को लेकर पत्नी की हत्या, आरोपी पति फरार

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर के खेजुरी के तालपाटी घाट उपकूल थाना क्षेत्र में एक पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। सिर्फ यही नहीं, आरोपी व्यक्ति शव को साइकिल पर लादकर ससुराल के पास बस्ते में डालकर फरार हो गया। इस घटना में पुलिस ने अब तक चार लोगों को हिरासत में लिया है। परिवारिक सूत्रों के अनुसार, लगभग चार साल पहले गोरा चंद दास ने अपनी 21 वर्षीय बेटी प्रतिमा की शादी बेड़िया के निवासी दुर्लभ प्रमाणिक से की थी। प्रतिमा का एक तीन साल का बच्चा भी है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही दुर्लभ ने दहेज की अधिक मांग शुरू कर दी थी और



प्रतिमा पर शारीरिक व मानसिक अत्याचार करने लगा था। सोमवार सुबह ससुराल के पास एक बस्ता पड़ा देखा गया, जिसमें शक होने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बस्ते से प्रतिमा का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एएससीआई ने इंफ्लुएंसर गाइडलाइंस में किया संशोधन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडवर्टाइजिंग स्टैण्डर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने अपने इन्फ्लुएंसर एडवटाईजिंग गाइडलाइंस के लिए एक अपडेट जारी किया है, जो विशेष रूप से हेल्थ एवं फाइनेंस इन्फ्लुएंसर्स के लिए ऐडेंडम 2 से संबंधित है। इससे पहले सभी इन्फ्लुएंसर्स जो बीएफएसआई और स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को व्यावसायिक सामान या सेवाओं के बारे में सलाह देते, प्रचार करते या उनके गुण-दोष पर टिप्पणी करते थे, उन्हें ऐसी जानकारी या सलाह देने के लिए आवश्यक योग्यता और प्रमाणपत्र रखने होते थे। अपडेटेड गाइडलाइंस सामान्य प्रचार और किसी उत्पाद या सेवा के तकनीकी पहलुओं के प्रचार के बीच अंतर करते हैं, जिन्हें उपभोक्ता विशेषज्ञ सलाह के रूप में समझ सकते हैं। अब इन्फ्लुएंसर्स को केवल तभी योग्यता रखने और उसे घोषित करने की जरूरत है, जब वे तकनीकी जानकारी या सलाह दे रहे हों। अगर विज्ञापन सामान्य प्रकृति का है या सार्वजनिक सेवा संदेश के रूप में है, तो इस तरह की योग्यता जरूरी नहीं है।

## बोहुरुपी जी5 पर अपने शानदार डिजिटल प्रीमियर के लिए तैयार

**कोलकाता, समाज्ञा :** जी5 अपनी अब तक की सबसे बड़ी बंगाली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बोहुरुपी' के वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर के साथ डिजिटल एंटरटेनमेंट की दुनिया में नया मुकाम हासिल करने जा रहा है, इस फिल्म को 9 मई से स्ट्रीम किया जाएगा। प्रसिद्ध निर्देशक जोड़ी नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह रोमांचक फिल्म 1998 से 2005 के बीच पश्चिम बंगाल में हुई असली बैंक डकैतियों से प्रेरित है। 'बोहुरुपी' में शिबोप्रसाद मुखर्जी, अबीर चटर्जी, रिताभरी चक्रवर्ती और कौशानी मुखर्जी जैसे शानदार कलाकारों की दमदार टीम नजर आएगी, यह फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की परिवर्तनकारी यात्रा को पेश करती है जो विश्वासघात, कारावास और एक निर्मम व्यवस्था से आहत हुआ है। कहानी एक जबरदस्त आमने-सामने की भिड़ंत पर खत्म होती है, जो दर्शकों को रोमांचित करता है। फिल्म ने आलोचकों और दर्शकों दोनों का दिल जीत लिया है और विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर शानदार रेटिंग्स प्राप्त की हैं। इसकी जबरदस्त कहानी, रोमांचक एक्शन और बेहतरीन अभिनय ने 'बोहुरुपी' को जी5 पर एक अवश्य देखी जाने वाली फिल्म बना दिया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान : निर्माणाधीन मकान में खेल रहे दो बच्चे सीमेंट के कट्टे के नीचे दबे, मौत

**जयपुर :** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के धानपुर थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में खेल रहे दो बच्चों की सीमेंट के कट्टों के नीचे दबने से मौत हो गई। थानाधिकारी राजवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले बच्चों की पहचान विक्रम राणा (8) और शीतल निनामा (4) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि शीतल और विक्रम निर्माणाधीन मकान के एक कमरे में खेल रहे थे, तभी वहां रखे सीमेंट के तीन-चार कट्टे उनके ऊपर गिर गए। सिंह के अनुसार, शीतल और विक्रम की चीखें सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें कट्टों के नीचे से निकालकर बांसवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### झारखंड में रह रहे पाकिस्तानियों का ब्योरा एफआरआरओ से मांगा गया: पुलिस महानिदेशक

**रांची :** झारखंड पुलिस ने राज्य में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को नोटिस जारी किया है और विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) से उनके बारे में अतिरिक्त जानकारी मांगी है। पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष शाखा के महानिरीक्षक को कोलकाता स्थित एफआरअरओ से विवरण प्राप्त करने का काम सौंपा गया है। अधिकारी ने बताया कि केंद्र से प्राप्त जानकारी के आधार पर पाकिस्तानी नागरिकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

### बलिया में कार और टेंपो की टक्कर में दो मजदूरों की मौत

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकंदरपुर कस्बे में सोमवार दोपहर एक कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर-बलिया राजमार्ग पर हुए इस हादसे में टेंपो सवार लक्ष्मण राजभर (45) और बेचू राजभर (35) की मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया और घटना में जान गंवाने वाले दोनों मजदूरों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिंह के अनुसार, दोनों मृतक नेमा के टोला गांव के रहने वाले थे और हादसे के समय वे टेंपो से बलिया की ओर जा रहे थे।

# सरकार आतंकी हमले के जवाब में जलबंदी करेगी तो सपा पूरा समर्थन देगी: अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि अगर सरकार पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 'जलबंदी' करती है तो वह उसका पूरा समर्थन करेंगे। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि अगर वह पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) की बात करती है तो उसे चीन का मुकाबला करने के लिए भी तैयार चाहिए। यहां एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यादव ने पहलगाम मुद्दे को सबसे संवेदनशील बताया और कहा कि सरकार ने आश्वासन दिया है कि वह ठोस कदम उठाएगी, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण 'जलबंदी' योजना हो सकती है। उन्होंने कहा, सरकार के 'जलबंदी' (पानी की नाकाबंदी)



कदम को सपा पूरा समर्थन दे रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए यादव ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है और मैं दोहराता हूं - सीमाओं पर सेना की आवश्यकता है। जब भी आप पीओके का मुद्दा उठाते हैं, तो आपको चीन का मुकाबला करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, कई विशेषज्ञों ने लिखा है कि यदि आप पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की ओर देखते हैं तो आपको चीन की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान पर 'जलबंदी' के असर के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा कि यह उनकी विशेषज्ञता से परे एक तकनीकी मामला है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, नोटबंदी के दौरान दावा किया गया था कि भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म हो जाएगा। इसी तरह, हमें उम्मीद है कि जलबंदी के बाद पाकिस्तान खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमें इस बारे में ज्यादा तकनीकी जानकारी नहीं है कि जरूरी बुनियादी ढांचे या जलाशयों के निर्माण में कितना समय लगेगा।

### नेपाल सीमा से सटे जिलों में कई अवैध निर्माण ढहाए गए

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों पर सोमवार को भी पूरे दिन बुलडोजर चला। आधिकारिक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर-खीरी और महाराजगंज जिले में विशेष अभियान चलाया गया। श्रावस्ती और बहराइच में अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। वहीं, सिद्धार्थनगर में 12 अवैध निर्माण को चिन्हित कर कब्जेदारों को नोटिस जारी किया गया, जबकि लखीमपुर-खीरी में अवैध निर्माण की पहचान की कार्रवाई पूरे दिन चली, लेकिन कोई अवैध निर्माण नहीं पाया गया। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोमवार को भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## 'भड़काऊ'पोस्ट के आरोप में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज

**लखनऊ :** लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ राजद्रोह समेत कई गंभीर धाराओं में लखनऊ के हजरतगंज थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच राठौर ने पलटवार करते हुए सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार उन पर प्राथमिकी दर्ज करवाकर असली मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है और कहा कि अगर सवाल पूछना बगावत है तो वह बागी हैं। राठौर के खिलाफ दर्ज शिकायत में कहा गया है कि पिछले सप्ताह हुए पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर एक विशेष धर्म समुदाय को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर उनकी भड़काऊ पोस्ट देश की एकता को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी कवि अभय प्रताप सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता अभय प्रताप सिंह ने कहा, 'गायिका एवं कवयित्री नेहा सिंह राठौर ने अपने



'एक्स' हैंडल पर पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और सोशल मीडिया मंच पर ऐसे वीडियो और पोस्ट साझा किए जिनका राष्ट्रीय अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।' पुलिस ने बताया कि शिकायत में राठौर पर धर्म और जाति के आधार पर समुदायों के बीच मतभेद पैदा करने और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है।

### झारखंड के बोकारो में महिला माओवादी ने आत्मसमर्पण किया

**बोकारो (झारखंड) :** झारखंड के बोकारो जिले में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की एक महिला सदस्य ने सोमवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आत्मसमर्पण करने वाली महिला का नाम सुनीता मुर्मू उर्फ लीलमुनि मुर्मू (22) है। वह 21 अप्रैल को बोकारो जिले में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान फरार हो गई थी। उस मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए थे। सुनीता ने बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, सीआरपीएफ कमांडेंट और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आत्मसमर्पण किया। स्वर्गियारी ने कहा, 'सुनीता मुठभेड़ के समय माओवादियों के साथ थी, लेकिन वहां से भाग निकलने में सफल हो गयी थी। जंगलों में कुछ दिन भटकने के बाद उसने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति के तहत हथियार छोड़ने का निर्णय लिया।

## बहराइच के मदरसे में दसवीं का एक भी छात्र अंग्रेजी में नहीं लिख पाया अपना नाम, नोटिस जारी

**बहराइच (उप्र) :** बहराइच जिला मुख्यालय के एक मदरसे में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के निरीक्षण में दसवीं कक्षा के एक भी छात्र के अंग्रेजी में अपना नाम नहीं लिख पाने के बाद विभाग ने संचालक को चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने संवाददाताओं को बताया कि रविवार को बड़ी तकिया में मान्यता प्राप्त मदरसा जामिया गाजिया सैयदुलुलुम का औचक निरीक्षण किया गया और इस दौरान एक अध्यापक अनुपस्थित मिले, लेकिन रजिस्टर में उसकी गैरहाजिरी दर्ज नहीं थी। उन्होंने बताया कि मुंशी, मौलवी और आलिम की कक्षाओं में भी बच्चों की संख्या पंजीकरण के सापेक्ष बहुत कम थी। मिश्र ने दावा किया कि निरीक्षण के



दौरान दसवीं कक्षा के छात्रों से अंग्रेजी में अपना नाम और मदरसे का नाम लिखने को कहा गया लेकिन एक भी छात्र ऐसा नहीं कर पाया। अधिकारी ने बताया कि मदरसे में अरबी, फारसी के अलावा अन्य विषयों की पढ़ाई पर ध्यान नहीं दिया जाता है जिसके कारण बच्चों की स्थिति इतनी चिंताजनक है। मिश्र ने कहा, 'बच्चों पर ध्यान न देकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।' स्थिति में सुधार लाने की चेतावनी देते हुए कहा गया कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मदरसे के संचालक व अनुपस्थित अध्यापक को नोटिस दिया गया है। बहराइच जिले में कुल 301 मान्यता प्राप्त मदरसे हैं, इनके अलावा बीते दिनों कराए गये एक सर्वेक्षण में 495 गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का पता लगा गया है।

## मथुरा में कोई भी रोहिंग्या या बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से नहीं रह रहा हैः पुलिस

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा की पुलिस ने कहा कि जिले में कोई रोहिंग्या या बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से नहीं रह रहा है और उस दावे का भी खंडन किया जिसमें कहा गया कि कबाड़ व्यापारी ऐसे ''घुसपैठियों'' को शरण दे रहे हैं। श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में दो याचिकाकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखे जाने के बाद पुलिस की ओर से यह प्रतिक्रिया आई है। इस पत्र में अवैध अप्रवासियों और उन कबाड़ व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है जो कथित तौर पर जिले में उन्हें रोजगार दे रहे हैं। गोवर्धन निवासी दिनेश कौशिक ने आरोप लगाया, 'ये अप्रवासी अक्सर दिन में कूड़ा-कबाड़ा इकट्ठा करते हैं और रात के समय चोरी-डकैती जैसे जघन्य अपराधों को अंजाम देते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि कमोबेश राज्य के सभी जिलों में इस तरह के 'घुसपैठिए' हैं और ऐसे लोगों को देश से बाहर निकालने की मांग की। कौशिक ने दावा किया, 'पुलिस जब भी छापेमारी करती है तो कबाड़ व्यापारी ही उन्हें (रोहिंग्या व बांग्लादेशी मुसलमानों) अपने गोदामों आदि स्थानों पर छिपा लेते हैं और उनके सहारे अपना धंधा करते हैं।'

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस रहा



**जयपुर :** राजस्थान के अधिकतर इलाकों में भीषण गर्मी का दौर जारी है जहां सोमवार सुबह तक पिछले चौबीस घंटे के दौरान सीमावर्ती बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य के जोधपुर संभाग में उष्ण लहर दर्ज की गई तथा शेष राज्य में मौसम शुष्क रहा। इस दौरान सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गय जो सामान्य से 4.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, राज्य में सर्वाधिक न्यूनतम तापमान बाड़मेर में 28.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में गवाह से जिरह, अगली सुनवाई 17 मई को



**सुल्तानपुर :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की ओर से दायर मानहानि के मामले में सोमवार को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में एक गवाह से जिरह की गई। भाजपा नेता विजय मिश्रा के वकील संतोष कुमार पांडेय ने गवाह अनिल मिश्रा को पेश किया, जो कोतवाली देहात के पीतांबरपुर कला का रहने वाला है। राहुल के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गवाह से जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद, विशेष न्यायधीश शुभम वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख निर्धारित की। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह के खिलाफ राहुल की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर 2018 में सुल्तानपुर की विशेष एमपी/एमएलए अदालत में मानहानि का मुकदमा दायर किया था। दिसंबर 2023 में अदालत ने राहुल को तलब करते हुए उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। इसके बाद कांग्रेस नेता ने फरवरी 2024 में अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलके पर जमानत दे दी थी। पिछले साल 26 जुलाई को राहुल ने अदालत के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था और खुद को निर्दोष बताते हुए मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया था। इस साल 11 फरवरी को राहुल के वकील ने शिकायकर्ता से जिरह पूरी की थी।

### संभल में जामा मस्जिद विवाद मामले में सुनवाई टली

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर से जुड़े विवाद के मामले में एएसआई की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए सोमवार को और मोहलत मांगे जाने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई पांच मई तक के लिए टाल दी। सोमवार को जब इस मामले की सुनवाई शुरू हुई, तो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिवक्ता ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए कुछ और समय मांगा। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने एएसआई को जवाब दाखिल करने के लिए 48 घंटे, जबकि मस्जिद कमेटी को जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की। यह सुनवाई मस्जिद कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर की जा रही है, जिसे संभल की एक अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए दायर किया गया है। निचली अदालत ने एक अधिवक्ता आयोग को मस्जिद के पुरातत्व सर्वेक्षण का निर्देश दिया था। इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने संभल की जिला अदालत में लंबित मूल मुकदमे की सुनवाई पर अगली तारीख तक के लिए रोक लगा दी थी। मूल मुकदमे में हिंदू पक्ष ने संभल के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर (जामा मस्जिद) में प्रवेश का अधिकार मांगा है। प्रबंधन समिति की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दो सप्ताह के भीतर एएसआई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।



## व्रत - त्यौहार

29.04.2025 : श्री परशुराम जयन्ती

30.04.2025 : अक्षय तृतीया

01.05.2025 : मई दिवस, निनायक चतुर्थी व्रत

03.05.2025 : श्री रामानुजाचार्य जयन्ती

05.05.2025 : श्री बगलामुखी जयन्ती

# अक्षय तृतीया पर इस विधि से करें मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा


अक्षय तृतीया हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मनाया जाता है। इस बार वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 29 अप्रैल को शाम 5 बजकर 32 मिनट पर शुरू हो रही है और इसका समापन 30 अप्रैल को दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर होगा। उदया तिथि के मुताबिक इस साल 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। इसे 'आखातीज' या 'वैशाख तीज' के नाम से भी जाना जाता है।

इस दिन मुख्य रूप से मां लक्ष्मी की पूजा और सोने के आभूषण खरीदने की परंपरा है। यदि इस तिथि पर दान, पूजा-पाठ व हवन, जागरण किया जाए, तो साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण प्राप्ति होती हैं। पौराणिक कथा की मानें तो, अक्षय तृतीया पर त्रेता युग की शुरुआत हुई थी। इसके अलावा इसी तिथि पर परशुराम जी का जन्म भी हुआ था।

ऐसे में अक्षय तृतीया देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व उन्हें प्रसन्न करने की सबसे उत्तम तिथि है। ऐसे में आइए इस दिन की संपूर्ण पूजा विधि को जानते हैं।

### अक्षय तृतीया पूजा विधि

- अक्षय तृतीया पर पूजा करने के लिए सबसे पहले सूर्योदय से पूर्व स्नान करें।
- इसके बाद साफ पीले रंग के वस्त्र पहनें।
- अब पूरे घर में गंगाजल का छिड़काव कर लें।
- पूजा स्थान पर सभी पूजन सामग्रियों को एकत्रित करें।
- सबसे पहले एक चौकी लगाएं और उसपर पीले या लाल रंग का वस्त्र बिछाएं।
- चौकी पर माता लक्ष्मी और विष्णु जी की तस्वीर स्थापित करें।
- अब उन्हें रोली व चंदन का तिलक लगाएं और विष्णु जी को पीले फूल भी अर्पित कर दें।
- इस दौरान मां लक्ष्मी को कमल का फूल चढाएं।
- अब घी का दीपक और धूपबत्ती जला लें।
- इसके बाद विष्णु जी को पीली मिठाई और मां लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं।
- अब विष्णु सहस्रनाम और लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें।



- अंत में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की आरती करें और पूजा में हुई भूल की क्षमा मांगे।


## इस सप्ताह इन चार राशियों की चमकेगी किस्मत, पूरे होंगे सभी अटके काम

अप्रैल महीने का आखिरी सप्ताह 28 अप्रैल 2025 से शुरु हो चुका है, जो ज्योतिष और धार्मिक दोनों ही दृष्टि से बेहद खास है। इस सप्ताह परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया जैसे बड़े पर्व मनाएं जाएंगे। इसके अलावा अप्रैल के इस आखिरी सप्ताह में लक्ष्मी नारायण राजयोग भी बनेगा। इस योग के प्रभाव से 12 राशियों को शुभ-अशुभ फलों की प्राप्ति संभव है। परंतु ग्रहों के प्रभाव से इन चार राशि के जातकों को पूरे सप्ताह मनचाहे परिणामों की प्राप्ति हो सकती हैं, साथ ही इन्हें नौकरी और व्यापार में मनचाहा पद मिलने की संभावनाएं भी हैं। ऐसे में आइए इन राशियों के नाम जान लेते हैं।

### मिथुन राशि

यह सप्ताह आपके लिए लाभ के अवसरों से भरा रहेगा। सप्ताह की शुरुआत से ही आपका मन रचनात्मक कार्यों की तरफ रमेगा। व्यापार में मनचाही सफलता प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान किसी खास से भी मुलाकात होगी, जो लाभकारी सिद्ध होगी। इन दिनों आप धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले सकते हैं।

अगर पहले धन को लेकर किसी से वाद-विवाद चल रहा था, तो इस सप्ताह मामला सुलझ सकता है। संतान पक्ष की सफलता से मन प्रफुल्लित रहेगा। आपको लक्ष्मी नारायण राजयोग का पूरा लाभ मिलता हुआ नजर आएगा। परिवार के सदस्यों के साथ किसी पार्टी में जाएंगे।



### धनु राशि

ग्रहों के प्रभाव से आपको इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में लाभ मिल सकता है। आप किसी नई संपत्ति आदि की खरीदारी भी करेंगे। नौकरी के अच्छे अवसर भी मिलेंगे। माता-पिता के साथ संबंधों में सुधार होगा। सप्ताह के प्रारंभ में आपको करियर-कारोबार अथवा परीक्षा-प्रतियोगिता आदि से जुड़ी कोई शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है।

आपकी आय में वृद्धि होगी जिससे आपका रुके हुए काम जल्द ही पूरे होंगे। बाजार में आपकी साख बढ़ेगी। आपके आसपास खुशनुमा माहौल भी बना रहेगा। जीवनसाथी के लिए उपहार लेकर आएंगे।

### कुंभ राशि

जो छात्र विदेश में पढ़ाई करना चाहते हैं, इस सप्ताह उनकी इच्छा पूरी होने की संभावना है। आप कर्ज से मुक्त हो सकते हैं। उधार दिया धन भी मिल जाएगा। रिश्ते-नाते अनुकूल बने रहेंगे। जो जातक नौकरी में बदलाव की सोच रहे हैं उन्हें अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी।

कुल मिलाकर इस सप्ताह आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। कोर्ट के मामलों में जो दिक्कतें आ रही थी, वह अब दूर होंगी। रिश्तों में प्रेम आपकी ताकत के रूप में उभरेगा।

### मीन राशि

ज्योतिषियों के मानें तो इस सप्ताह आपके नए संपर्क स्थापित होंगे। कला, राजनीति और समाजसेवा आदि क्षेत्रों से जुड़े लोगों को पुरस्कृत किया जा सकता है। सप्ताह के मध्य में आपको कामकाज के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। इस दौरान आपके कारोबार में उन्नति एवं लाभ में वृद्धि होगी।

आत्मविश्वास बढ़ने से सभी काम समय और मनचाहे तरीके से पूरे होते नजर जाएंगे। वेतन वृद्धि होने पर घर के साधनों में भी बढ़ोतरी होगी। यह सप्ताह आपके लिए कुछ कर दिखाने वाला साबित होगा। भाग्य का साथ बना रहेगा।

## परशुराम जयंती शुभ योग, पूजा विधि और इससे जुड़ी खास मान्यताएं



हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान विष्णु के छठे अवतार, परशुराम जी की जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष परशुराम जयंती 29 अप्रैल 2025 को पड़ेगी। पंचांग के अनुसार, तृतीया तिथि 29 अप्रैल को शाम 05:31 बजे शुरू होगी और 30 अप्रैल को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर समाप्त होगी। चूंकि भगवान परशुराम का जन्म प्रदोष काल में हुआ था, इसलिए जयंती 29 अप्रैल को ही मनाई जाएगी। आइए जानते हैं इस दिन कौन-कौन से शुभ योग बन रहे हैं और पूजा की विधि क्या रहेगी। इसके अलावा कुछ खास मान्यताओं के बारे में जानेंगे।

**परशुराम जयंती 2025 के शुभ योग**

इस साल परशुराम जयंती पर कुछ विशेष शुभ संयोग बन रहा है। इस दिन सौभाग्य योग 03:54 बजे तक रहेगा। इसके अलावा त्रिपुष्कर योग सुबह 05:42 बजे से शाम 05:31 बजे तक रहेगा और सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 05:42 बजे से शाम 06:47 बजे तक रहेगा। ऐसा माना जाता है कि इन शुभ योगों में भगवान परशुराम की पूजा करने से देवी लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

**परशुराम जयंती पर पूजा विधि**

परशुराम जयंती के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठें और भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए दिन की शुरुआत करें। फिर घर की साफ-सफाई करें और गंगाजल मिले जल से स्नान करें। स्नान के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें।

इसके बाद विधिपूर्वक भगवान परशुराम की पूजा करें। प्रदोष काल के दौरान व्रत और उपवास रखने का भी विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि प्रदोष काल में व्रत करने से इसका फल कई गुना बढ़ जाता है और व्यक्ति की सभी समस्याएं दूर हो जाती है।

**परशुराम जी से जुड़ी कुछ खास मान्यता**

पौराणिक कथाओं के अनुसार परशुराम जी आज भी धरती पर विराजमान हैं। यही वजह है कि उनकी पूजा विधि भगवान विष्णु के अन्य अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण से भिन्न है। दक्षिण भारत में उडुपी के निकट पजाका नामक स्थान पर परशुराम जी का एक प्रसिद्ध मंदिर भी स्थित है। ऐसी मान्यता है कि भविष्य में भगवान विष्णु के अंतिम अवतार, कल्कि को, परशुराम जी शस्त्र विद्या का ज्ञान कराएंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पाकिस्तान का बचाव' करने के आरोप में 24 लोग गिरफ्तार: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय धरती पर पाकिस्तान का बचाव करने के आरोप में अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में विपक्षी एआईयूडीएफ विधायक अमीन-उल-इस्लाम भी शामिल हैं, जिन पर पहलगाम हमले में पाकिस्तान और उसकी मिलीभगत का कथित रूप से बचाव करने के लिए राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। शाम साढ़े सात बजे शर्मा ने 'एक्स' पर कहा, 24 राष्ट्र विरोधी लोग अब सलाखों को पीछे हैं। इससे पहले दिन में उन्होंने कहा था कि 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शर्मा ने शनिवार को कहा था कि अगर जरूरी हुआ तो गिरफ्तार लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के प्रावधान भी लगाए जाएंगे।

### जम्मू कश्मीर के डोडा-किश्तवाड़ क्षेत्र में आतंकवादियों, उनके सहयोगियों के परिसरों की तलाशी

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ जिलों में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से सक्रिय कई आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के परिसरों की पुलिस ने तलाशी ली। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जारी जांच के सिलसिले में आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के आवासों पर व्यापक तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने सोमवार को डोडा और किश्तवाड़ जिलों में कई ऐसे व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली, जिनके आतंकवादी समूहों और पीओके से गतिविधियां चलाने वालों से जुड़े होने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि 22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद आतंकवादियों और उनके परिवेशी तंत्र के खिलाफ अभियान तेज कर दिए गए हैं।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 28.50 लाख रुपये के इनामी 14 नक्सलियों समेत कुल 24 नक्सलियों ने सोमवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 11 महिला नक्सली शामिल हैं। नक्सलियों ने ऐसे समय में आत्मसमर्पण किया है, जब 21 अप्रैल से तेलंगाना की सीमा से लगी बीजापुर की पहाड़ियों पर लगभग 24,000 सुरक्षाकर्मियों की मदद से एक बड़ा नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य सुदरू हेमला उर्फ राजेश (33) और परतापुर एरिया कमेटी सदस्य कमली मोड़ियम पर पांच-पांच लाख रुपये, जबकि जयमोती पूनेम (24) पर तीन लाख रुपये का इनाम था।

### कृष्ण जन्मभूमि मामले में केंद्र, एएसआई को पक्षकार बनाने की अनुमति प्रथम दृष्टया सही: शीर्ष अदालत

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में हिंदू वादियों को केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को पक्षकार बनाने की अनुमति देने संबंधी इलाहाबाद उच्च न्यायालय का आदेश प्रथम दृष्टया सही है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पांच मार्च 2025 को दो वाद में संशोधन की अनुमति दी थी तथा याचिकाकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्रालय और एएसआई को प्रतिवादी बनाने की अनुमति दी थी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि वाद में संशोधन की अनुमति देने में प्रथम दृष्टया कुछ भी गलत नहीं है और संशोधित वाद पर जवाब दाखिल किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''एक बात तो स्पष्ट है। हिंदू वादियों द्वारा मूल शिकायत (दो वाद) में संशोधन की अनुमति दी जानी चाहिए थी।'' पीठ ने हालांकि मथुरा की शाही मस्जिद ईदगाह न्यास प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई टाल दी और इसे इसी मामले से संबंधित अन्य लंबित मामलों के साथ संबद्ध कर दिया।

# पहलगाम हमले पर जनता का आक्रोश जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के अंत की शुरुआत : मुख्यमंत्री उमर

## पहलगाम हमले के नाम पर पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग नहीं उठाऊंगा



**जम्मू :** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर में फैले जनाक्रोश ने उम्मीद की किरण जगाई है कि लोगों की मदद से आतंकवाद का जल्द ही खात्मा हो सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) सरकार आतंकवाद के खिलाफ लोगों के अभियान को मजबूत करने के लिए काम करेगी। अब्दुल्ला ने केंद्र से अपील करते हुए कहा कि ऐसे कदम न उठाएं, जिससे जनता अलग-थलग पड़ जाए। बैसरन में 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान अब्दुल्ला ने इस घटना को सबसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि घटना के खिलाफ सड़कों पर जनाक्रोश उम्मीद की किरण जगाता है कि उनकी मदद से आतंकवाद का जल्द ही खात्मा हो सकता है। मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए सदन में एक प्रस्ताव पर चर्चा में कहा, उग्रवाद, आतंक या आतंकवाद तभी खत्म होगा जब लोग हमारे साथ होंगे। आतंकी हमले के खिलाफ लोगों के आक्रोश को देखते हुए, अगर हम उचित कदम उठाते हैं तो यह इसके खत्म होने की शुरुआत है। उन्होंने कहा, हमें ऐसी कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए जिससे लोग अलग-थलग पड़ जाएं। हम बंदूक से आतंकवादी को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन अगर लोग हमारे साथ हैं तो हम आतंकवाद को खत्म कर सकते हैं। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है जब लोग उस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं। अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए कहा कि श्रीनगर की जामिया मस्जिद और अन्य मस्जिदों में पहली बार शुक्रवार की नमाज से पहले दो मिनट का मौन रखा गया। अलगाववादी संगठन हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने जामिया मस्जिद में नमाज का नेतृत्व किया। जामिया मस्जिद को 1989 में आतंकवाद के उभार के बाद से कश्मीर में अलगाववाद का मुख्यालय माना जाता है।

# परीक्षा भवन में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र, जनेऊ उतारने की जरूरत नहीं: रेलवे

**मंगलुरु/बेंगलुरु :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और अन्य हिंदू संगठनों ने रेलवे भर्ती बोर्ड की नर्सिंग अधीक्षक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मंगलसूत्र और जनेऊ उतार कर परीक्षा भवन में प्रवेश करने संबंधी निर्देश पर सोमवार को कड़ी आपत्ति जताई, जिसके तुरंत बाद इस फैसले को वापस ले लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने व्यापक विरोध के बाद, अब स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा भवन में प्रवेश करने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ जैसे धार्मिक प्रतीकों को उतारने की आवश्यकता नहीं होगी। रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने इसे लेकर बढ़ती नाराजगी के बीच, मामले में हस्तक्षेप किया और स्पष्ट किया कि रेलवे भर्ती बोर्ड की नर्सिंग अधीक्षक परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी तरह के धार्मिक प्रतीक या मंगलसूत्र को उतारने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाए। अधिकारियों के अनुसार, यह परीक्षा मंगलवार (29 अप्रैल) को मंगलुरु के बॉन्डेल में मनैल श्रीनिवास नायक बेसेंट विद्या केंद्र में आयोजित की जाएगी। शुरुआत में, प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों को परीक्षा देने से पहले मंगलसूत्र और जनेऊ उतारने का निर्देश दिया गया था। विहिप के क्षेत्रीय नेता शरण पंपवेल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं, अगर परीक्षा अधिकारियों द्वारा इनमें से कोई भी कदम (अभ्यर्थियों के मंगलसूत्र और जनेऊ उतारने) उठाया जाता है, तो हम इसमें सुधार कराएंगे। हिंदू संगठनों ने तर्क दिया कि इससे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। विहिप के प्रवक्ता ने कहा, विवाहित महिलाओं से मंगलसूत्र और सिंदूर हटाने के लिए कहना या पुरुषों से जनेऊ उतारने को कहना करोड़ों लोगों की हिंदू परंपराओं पर हमला करने के समान है। विहिप ने जिले के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपकर हिंदू अभ्यर्थियों को उनकी धार्मिक पहचान के साथ समझौता किए बिना परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दिये जाने की मांग की। यह विवाद सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी) के दौरान हाल ही में हुई घटनाओं के मद्देनजर सामने आया है, जहां कुछ परीक्षा केंद्रों पर कुछ अभ्यर्थियों से कथित तौर पर इन चीजों को हटाने के लिए कहा गया था।

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना 2028 के अंत तक हो सकती है पूरी : फडणवीस

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि अहमदाबाद से मुंबई को जोड़ने वाली महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना 2028 के अंत तक पूरी हो सकती है। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, ''बुलेट ट्रेन का काम तेजी से चल रहा है। उम्मीद है कि 2028 के अंत तक यह परियोजना पूरी हो जाएगी।'' उन्होंने देरी के लिए पिछली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार को दोषी ठहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार ने परियोजना को रोकने का फैसला किया। फडणवीस ने कहा, ''इसके कारण इस परियोजना में 2.5 साल की देरी हुई। अगर हम बुलेट ट्रेन पर 70,000 से 80,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं और 2.5 साल तक काम को रोक रहे हैं, तो किसे ब्याज की लागत वहन करना होगा?'' उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, गुजरात में बुलेट ट्रेन पर काम तेजी से किया गया। फडणवीस ने कहा ''नयी सरकार के सत्ता में आने के बाद, हमने आवश्यक मंजूरी दी और काम तेजी से शुरू हुआ। पिछले ढाई साल में काम तेजी से चल रहा है और हम आवश्यक समय के भीतर काम खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं।''


# आप बड़े राजमार्ग बना रहे हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में लोग मर रहे हैं: शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा

**नयी दिल्ली :** सड़क/मोटर वाहन हादसों के शिकार लोगों के लिए नकदीरहित इलाज की योजना तैयार करने में देरी को लेकर केंद्र पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि आप बड़े-बड़े राजमार्गों का निर्माण कर रहे हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में लोग वहां मर रहे हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि आठ जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र ने न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए एक अप्रैल, 2022 को तीन साल के लिए प्रभाव में लायी गयी थी लेकिन केंद्र ने दावेदारों को अंतरिम राहत देने के लिए योजना बनाकर इसे लागू नहीं किया। पीठ ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव से पूछा, ''आप अवमानना कर रहे हैं। आपने समय बढ़ाने की मांग करने की जहमत नहीं उठाई। यह क्या हो रहा है? आप हमें बताएं कि आप योजना कब बनाएंगे? आपको अपने कानूनों की परवाह नहीं है। यह कल्याणकारी प्रावधानों में से एक है। इस प्रावधान को प्रभाव में आये तीन साल हो गए हैं। क्या आप वाकई आम आदमी के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं?'' शीर्ष अदालत ने सचिव से यह भी सवाल किया, ''क्या आप इतने लापरवाह हो सकते हैं?

### उच्चतम न्यायालय का वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली नयी याचिका पर विचार करने से इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली एक नयी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह इस मुद्दे पर ''सैकड़ों'' याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर सकता। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता सैयद अली अकबर के वकील से लंबित पांच मामलों में हस्तक्षेप आवेदन दायर करने को कहा, जिन पर अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पांच मई को सुनवाई होगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''आप इसे वापस लें। हमने 17 अप्रैल को एक आदेश पारित किया था जिसमें कहा गया था कि केवल पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी।''

# नीट-यूजी योजना: पुलिस सुरक्षा में प्रश्नपत्रों को ले जाया जाएगा, कोचिंग केंद्रों की होगी निगरानी



**नयी दिल्ली :** शिक्षा मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जिलाधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठकें कर रहा है कि आगामी मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में किसी तरह की गड़बड़ी न हो। यह महत्वपूर्ण परीक्षा चार मई को निर्धारित है, जो देश भर में 550 से अधिक शहरों तथा 5,000 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पिछले वर्ष की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने सहित कथित अनियमितताओं के बाद मंत्रालय एक पूरी तरह चाक चौबंद योजना पर काम कर रहा है। इस संबंध में एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''नीट-यूजी का सुचारू, निष्पक्ष और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ कई बैठकें की गई हैं। सामग्री के परिवहन, सुरक्षा और जोखिम प्रतिक्रिया संबंधी प्रबंधन के लिए जिलास्तरीय समन्वय समितियों को पूरी तरह सक्रिय किया जा रहा है।'' सूत्र ने कहा, ''केंद्रों पर एनटीए द्वारा निर्दिष्ट सुरक्षा के अलावा जिला पुलिस द्वारा बहुस्तरीय तलाशी ली जाएगी। प्रश्नपत्रों और ओएमआर शीट जैसी गोपनीय सामग्री का परिवहन चाक चौबंद पुलिस सुरक्षा के तहत होगा। संगठित धोखाधड़ी नेटवर्क को रोकने के लिए कोचिंग केंद्रों और डिजिटल प्लेटफॉर्म की निगरानी की जाएगी।''

# मुंबई हमला : दिल्ली की अदालत ने तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन के लिए बढ़ाई



**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन के लिए और बढ़ा दी। विशेष एनआईए न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने राणा की हिरासत अवधि बढ़ाने के एनआईए के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। एनआईए ने राणा को 18 दिन की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया तथा उसकी हिरासत 12 दिन के लिए और बढ़ाए जाने का अनुरोध किया। राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच चेहरा ढककर अदालत में पेश किया गया। एनआईए ने कहा कि राणा का विभिन्न साक्ष्यों के साथ-साथ ''बड़ी मात्रा में दस्तावेजों'' से सामना कराया जाना है और इसके लिए उससे आगे पूछताछ की आवश्यकता है। जांच एजेंसी ने न्यायाधीश को बंद कमरे में हुई कार्यवाही के दौरान राणा की हिरासत मिलने के बाद पिछले 18 दिन में की गई अपनी जांच के बारे में भी अवगत कराया। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र मान ने इस मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की ओर से दलीलें रखीं। इस दौरान एजेंसी ने कहा कि राणा जांच में सहयोग नहीं कर रहा है।

# पाक समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट ने भारतीय सेना के दस्तावेज लीक होने का झूठा दावा किया: पीआईबी

**नयी दिल्ली :** सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने सोमवार को कहा कि कुछ पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट यह गलत दावा कर रहे हैं कि भारतीय सेना की तैयारियों से संबंधित 'गोपनीय दस्तावेज' लीक हो गए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इन दस्तावेजों को ''फर्जी'' करार दिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ गया है। दक्षिण कश्मीर में पहलगाम के बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के बर्बर हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। पीआईबी फैक्ट चेक ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया अकाउंट झूठा दावा कर रहे हैं कि भारतीय सेना की तैयारियों से संबंधित गोपनीय दस्तावेज लीक हो गए हैं। पीआईबी फैक्टचेक- ये दस्तावेज फर्जी हैं, कृपया असत्यापित जानकारी साझा करने से बचें और सटीक जानकारी के लिए केवल भारत सरकार के आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।'' रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि व्हाट्सऐप पर एक ''भ्रामक'' संदेश प्रसारित हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि सरकार ने भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए चंदा मांगने के वास्ते एक बैंक खाता खोला है। मंत्रालय ने एक बयान में इस संदेश का खंडन किया और लोगों से ''सतर्क रहने तथा ऐसे धोखाधड़ी वाले संदेशों का शिकार न होने'' का आग्रह किया।

# पहलगाम में निर्मम हत्या करने वाले आतंकवादियों को दंडित किया जाना चाहिए : इजराइली राजनयिक

**मुंबई :** इजराइल के महावाणिज्य दूत कोब्बी शोशनी ने सोमवार को कहा कि पहलगाम में निर्दोष लोगों की बर्बरता से हत्या करने वाले आतंकवादियों को दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जानता है कि अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए क्या करना है। मुंबई में नियुक्त इजराइल के महावाणिज्य दूत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भयावह करार दिया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले ने उन्हें दुनिया भर में, विशेषकर इजराइल में हुए आतंकवादी हमलों की याद दिला दी। उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''भारत जानता है कि अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए क्या करना है।'' उन्होंने कहा, ''जिन आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की इतनी क्रूर हत्या की है, उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है।'' पहलगाम में पर्यटकों को गोली मारने से पहले आतंकवादियों द्वारा उनके धर्म पूछे जाने पर, शोशनी ने कहा कि लोगों के बीच भेद करना आतंकवादियों के बीच एक बहुत ही आम बात है। उन्होंने कहा, ''वे जानते हैं कि कैसे उनमें भेद करना है और अपने समुदाय और अन्य समुदाय के बीच भेद कैसे करना है। जब आप कुछ लोगों को मारने आते हैं तो आप मनुष्य नहीं होते।''

# ओटीटी पर अश्लील सामग्री का प्रसारण'बड़ी चिंता'; शीर्ष अदालत ने दिया केंद्र, अन्य को नोटिस

**नयी दिल्ली :** ओटीटी और सोशल मीडिया मंचों पर अश्लील सामग्री के प्रसारण को सोमवार को एक 'बड़ी चिंता' करार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने उनपर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली एक याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए विधायिका या कार्यपालिका को उपाय करने हैं। न्यायपालिका पर हाल के हमले की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''यह हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। वैसे भी, ढ़ेर सारे आरोप लग रहे हैं कि हम विधायी और कार्यकारी शक्तियों का अतिक्रमण कर रहे हैं।'' केंद्र की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार इसे वाद-प्रतिवाद के रूप में नहीं लेगी। उन्होंने अदालत से कहा, '' कृपया यहां इस पर गौर करें । हम कुछ ऐसा लेकर आएंगे, जो अभिव्यक्ति की आजादी को संतुलित करेगा और जिसमें (अनुच्छेद) 19 (2) का भी ध्यान रखा जाएगा।'' मेहता ने कहा कि कुछ सामग्री न केवल अश्लील होती हैं बल्कि 'विकृत' भी। उन्होंने कहा कि वैसे तो इस संबंध में कुछ नियमन अस्तित्व में हैं, लेकिन कुछ और नियमन पर विचार किया जा रहा है।

# न्यूयॉर्क में पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के बाहर पहलगाम आतंकी हमलों के विरोध में प्रदर्शन



**न्यूयॉर्क :** पहलगाम आतंकवादी हमलों के विरोध में भारतीय प्रवासी यहां पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास और टाइम्स स्क्वायर के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारी भारतीय तिरंगा लहरा रहे थे और बैनर थामे हुए थे जिन पर लिखा था 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करो - पहलगाम हिंदू नरसंहार'। उन्होंने एक लंबा बैनर भी पकड़ रखा था, जिस पर आतंकवादी हमले के 26 पीड़ितों की तस्वीरें थीं, जिस पर लिखा था 'सीएनएन, एनबीसी, एनवाईटी, डब्ल्यूएपीओ, यूएन - कृपया उनके नाम साझा करें, उनके चेहरे दिखाएं'। इसके साथ ही बैनर पर 'हिंदू जीवन मायने रखता है', 'आतंकवाद को अभी समाप्त करें', 'इस्लामिक आतंकवाद - आज ही समाप्त करें', 'बस बहुत हो गया' जैसी पंक्तियां भी लिखी थीं। ये विरोध प्रदर्शन 27 अप्रैल को आयोजित किए गए थे और न्यूयॉर्क में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर जिहादी आतंकवाद के खिलाफ एक अंतर-धार्मिक जुलूस भी निकाला गया था। इस दौरान प्रवासी समुदायों के सदस्यों ने

# आग में फाइलें जल गईं, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड से जांच जारी रखने में मदद मिलेगी : ईडी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को कहा कि मुंबई में उसके एक कार्यालय में लगी आग में कुछ दस्तावेज और फर्नीचर जल गया है, लेकिन जांच या सुनवाई में 'कोई बाधा' आने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि फाइलें डिजिटल रूप से भी संग्रहीत हैं। संघीय एजेंसी ने रविवार को लगभग 2:25 बजे बैलार्ड एस्टेट में कैसर-ए-हिंद इमारत में स्थित मुंबई जोनल ऑफिस-1 की चौथी मंजिल पर लगी आग पर एक बयान जारी किया। एजेंसी ने कहा कि प्रथम दृष्टया आग का कारण चौथी मंजिल पर बिजली के बक्सों में शॉर्ट-सर्किट लग रहा है। एजेंसी ने कहा कि हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन किया जा रहा है, लेकिन प्रारंभिक आकलन से पता चलता है कि आग की घटना में कुछ कागजात/दस्तावेज और फर्नीचर आदि जल गया। उन्होंने कहा कि जांच से संबंधित साक्ष्य दस्तावेज और अन्य दस्तावेज हमेशा डिजिटल रिकॉर्ड के रूप में संग्रहीत किए जाते हैं। इसके साथ ही ये केंद्रीकृत रिकॉर्ड रखने की प्रणाली में भी संग्रहीत किए जाते हैं। बयान में कहा गया है, ''जिन मामलों में अभियोजन पक्ष की शिकायतें दर्ज की गई हैं, उनके मूल रिकॉर्ड संबंधित अदालतों के पास उपलब्ध हैं।''

# भारतीय राजनियक ने की अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी से भेंट



**इस्लामाबाद :** भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने तालिबान शासित अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। अफगान विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, (भारतीय विदेश मंत्रालय में) पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान प्रभाग के संयुक्त सचिव आनंद प्रकाश ने तालिबान सरकार के विदेश मंत्री से मुलाकात की तथा द्विपक्षीय राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने एवं व्यापार और पारगमन सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों ने हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया। विज्ञप्ति के अनुसार, मुत्ताकी ने अफगानिस्तान और भारत के बीच राजनयिक एवं आर्थिक संबंधों के विस्तार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच लोगों के आवागमन को सुगम बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और व्यापारियों, रोगियों और छात्रों के लिए वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सामान्य बनाने का आह्वान किया। प्रकाश ने अफगानिस्तान के साथ संबंधों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहरायी तथा विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा बनाने की आशा व्यक्त की। उन्होंने अफगानिस्तान को अपनी सहायता जारी रखने की भारत की मंशा दोहराई और पहले से रुकी हुई पहलों को फिर से शुरू करने समेत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने में भारत की रुचि से अवगत कराया। विज्ञप्ति में कहा गया, ''दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय जुड़ाव बढ़ाने, वीजा प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। यह बैठक जनवरी में दुबई में विदेश सचिव विक्रम मिसरी की मुत्ताकी से मुलाकात के कुछ महीने बाद हुई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 71 प्रमुख हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया

■ ९६ साल की कठपुतली कलाकार को पद्मश्री



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुजुकी मोटर के पूर्व प्रमुख दिवंगत ओसामु सुजुकी, प्रसिद्ध गायक दिवंगत पंकज उधास और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील कुमार मोदी समेत 71 प्रमुख हस्तियों को सोमवार को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस साल 25 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कुल 139 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को देश के नागरिक पुरस्कारों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री - के लिए नामित किया गया था। इनमें से 71 को सोमवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य की उपस्थिति में राष्ट्रपति भवन के भव्य दरबार हॉल में ये पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि शेष को शीघ्र ही एक अलग समारोह में ये अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। वरिष्ठ अभिनेता एवं निर्देशक शेखर कपूर, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डी. नागेश्वर रेड्डी, वायलिन वादक लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम और तेलुगु सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण, जिन्हें बलैया के नाम से भी जाना जाता है, अन्य प्रमुख हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में चार को पद्म विभूषण मिला - सुजुकी (मरणोपरांत), सुब्रमण्यम, रेड्डी और मलयालम लेखक एवं फिल्म निर्देशक एम.टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरांत)। कुल 10 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इनमें पंकज उधास (मरणोपरांत), सुशील कुमार मोदी (मरणोपरांत), बालकृष्ण कपूर, पूर्व हॉकी खिलाड़ी पी.आर. श्रीजेश, तमिल अभिनेता एस. अजित कुमार, जाइडस लाइफसाइंसेज के चेयरपर्सन पंकज पटेल और भारतीय-अमेरिकी इंजीनियर विनोद धाम शामिल हैं, जिन्हें 'पेंटियम के जनक' के रूप में जाना जाता है।

## लोग टी20 क्रिकेट में साझेदारियों का महत्व भूल रहे हैं: कोहली



**नयी दिल्ली :** भारतीय दिग्गज विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट में साझेदारी बनाने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसका महत्व उन पिचों पर और बढ़ जाता है जहां बड़ा स्कोर बनाना संभव नहीं होता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में पिचें धीमी रही हैं, जिससे बल्लेबाजों को क्रीज पर आते ही आक्रामक रवैया अपनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स के बीच रविवार को यहां खेले गये मैच में हालांकि कोहली और लोकेश राहुल ने दिखाया कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से कैसे निपटा जाना चाहिये। कोहली ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल की 10 पारियों में अपना छठा अर्धशतक लगाया, जिससे आरसीबी ने मौजूदा सत्र में घरेलू मैदान से बाहर अपना अजेय क्रम जारी रखा है। कोहली ने दिल्ली पर छह विकेट की जीत के बाद प्रसारकोंसे कहा, 'इस पिच को देखते हुए यह एक बेहतरीन जीत थी। हमने यहां कुछ मैच देखे और यह विकेट उन मैचों की तुलना में अलग था। जब भी कोई लक्ष्य का पीछा करता है, तो मैं डगआउट से नजर रखता हूं कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे है या नहीं।'

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत की कोशिश लय बनाये रखने पर



**कोलंबो :** श्रीलंका के खिलाफ एकतरफा जीत से अपने अभियान का आगाज करने वाली भारतीय महिला टीम मंगलवार को यहां अपने दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय बनाये रखने की होगी। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान श्रीलंका पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एकदिवसीय मैचों में लगातार सातवीं सफलता हासिल की। टीम ने इस मैच के दौरान तीनों विभागो में अपना दबदबा कायम किया। स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा और श्री चरणी की अगुवाई में गेंदबाजों ने श्रीलंका को कम स्कोर पर रोक दिया, जबकि प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना और हरलीन देओल की तिकड़ी ने बल्ले से शानदार पारी खेली। टीम के क्षेत्ररक्षकों ने भी इस दौरान शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इस लय को जारी रखना चाहेगी। भारतीय महिला टीम इस प्रारूप में मार्च 2022 के बाद दक्षिण अफ्रीका से नहीं हारी है। भारत ने दोनों देशों की पिछली एकदिवसीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराया था। इस मैच में भी स्पिनरों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। भारतीय टीम हालांकि प्रमुख तेज गेंदबाजों की गैरमौजूदगी में अपने युवाओं के प्रदर्शन पर करीब से नजर रखना जारी रखेगी, क्योंकि टीम इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से पहले एक कोर ग्रुप की पहचान करना चाहती है। दक्षिण अफ्रीका की टीम नये कोच मंडलमाशिम्बी की देखरेख में टूर्नामेंट में अपना आगाज यादगार तरीके से करना चाहेगी। प्रथम श्रेणी के पूर्व खिलाड़ी 44 साल के माशिम्बी को पिछले साल टीम का कोच नियुक्त किया गया था। उन्हें हालांकि महिला टीम की कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है।

# वैभव की शतकीय पारी से जीता राजस्थान, गुजरात को आठ विकेट से हराया



वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार शतकीय पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया। सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए आईपीएल के 47वें मैच में गुजरात ने शुभमन गिल और जोस बटलर के अर्धशतकों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट खोकर 209 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 15.5 में दो विकेट खोकर 212 रन बनाए और 25 गेंदों के शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ राजस्थान अंक तालिका में एक स्थान की छलांग लगाकर आठवें पायदान पर आ गई। उनके खाते में छह अंक हो गए और नेट रन रेट -0.349 का हो गया है। वहीं, गुजरात एक स्थान खिसक कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई को गुजरात की हार से तगड़ा फायदा हुआ है। हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली टीम अंक तालिका में बेहतर नेट रन रेट के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गई। वहीं, आरसीबी 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है।गुजरात ने राजस्थान के सामने जीत के लिए 210 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन वैभव और यशस्वी जायसवाल ने राजस्थान को तेज शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 166 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को प्रसिद्ध कृष्णा ने वैभव को आउट कर तोड़ा। यह राजस्थान के लिए किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी है। वैभव और यशस्वी ने इस मामले में जोस बटलर और देवदत्त पडिक्कल को पीछे छोड़ा जिन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2022 में 155 रनों की साझेदारी की थी। वैभव ने गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए 11 छक्के लगाए जो आईपीएल 2025 में किसी बल्लेबाज का एक पारी में सर्वाधिक छक्के हैं। वैभव ने इस मामले में सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ा जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 10 छक्के लगाए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर हैं जिन्होंने गुजरात के खिलाफ नौ छक्के लगाए थे। वैभव टी20 क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में यह कारनामा किया।

## नाइट राइडर्स के खिलाफ बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी पर होंगी दिल्ली कैपिटल्स की नजरें

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेंगे तो टीम की नजरें बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी पर टिकी होंगी। दिल्ली को अपने पिछले चार मैच में दो हार का सामना करना पड़ा है जिसमें रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली हार भी शामिल है और टीम लीग चरण के अंतिम मुकाबलों में लड़खड़ाने से बचना चाहेगी। शीर्ष क्रम में अभिषेक पोरेल ने आक्रामक तेवरों के साथ बल्लेबाजी की है लेकिन वापसी करने के बाद अनुभवी फाफ डु प्लेसी को अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी प्रकृति की पिच पर जूझना पड़ा और उन्हें जल्द से जल्द इससे सामंजस्य बैठाना होगा। लोकेश राहुल मौजूदा सत्र में दिल्ली के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं लेकिन रविवार को स्पिनरों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे। वह सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की अनुभवी स्पिन जोड़ी के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। केकेआर के पास स्तरीय स्पिनर हैं जो मेजबान टीम को कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ वर्षा से प्रभावित मैच में जूझने के बाद नाइट राइडर्स का आत्मविश्वास थोड़ा कम होगा। दिल्ली को करुण नायर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जिससे कि मध्य क्रम में सारा बोझ राहुल पर नहीं आए। गेंदबाजी विभाग में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने पिछले मैच में दो विकेट चटकाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से समर्थन नहीं मिला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ विकेट चटकाने में नाकाम रहे स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अपनी पूर्व टीम केकेआर की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे जबकि बीच के ओवरों में कुलदीप यादव ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। दिल्ली को अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करना होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पोरेल ने कृणाल पंड्या का महत्वपूर्ण विकेट गंवाया। केकेआर के अभी सिर्फ सात अंक हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर चल रही है।

## भारत को दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 13 स्वर्ण पदक



**काठमांडू :** भारत ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। इस साल की युवा एशियाई चैंपियनशिप इस की क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न श्रेणियों में भारतीय खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। भारतीय टीम ने अंडर-19 लड़कियों, अंडर-15 लड़कों और अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में तीन स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 और अंडर-15 युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं सहित सभी छह स्वर्ण भी पदक जीते। इसके अलावा भारत ने अंडर-19 लड़कों और लड़कियों के एकल मुकाबलों में चार स्वर्ण पदक हासिल किए। टीम स्पर्धाओं में पृथा वर्तिकार, अनन्या चंदे, हार्डी पटेल और दीया ब्रम्हचारी ने नेपाल को 3-1 से हराकर अंडर-19 लड़कियों का स्वर्ण पदक जीता। प्रतीति पॉल, आरुषि नंदी, अद्रिका अरवल और तन्मयी साहा ने अंडर-15 लड़कियों के वर्ग में श्रीलंका को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## न्यूज अपडेट

### बीसीसीआई सीओई में स्पिन कोच की भूमिका के लिए सुनील जोशी सबसे बड़े दावेदार



**नयी दिल्ली :** भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में स्पिन गेंदबाजी कोच के पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। यह पद इस साल की शुरुआत में साईराज बहुतुले के इस्तीफे के बाद खाली हो गया था। बहुतुले आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़ गयेथे। सीओई को पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के रूप में जाना जाता था। यह पहले बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थित था। आधुनिक सुविधाओं से लैस सीओई का संचालन हालांकि बेंगलुरु शहर के बाहरी इलाके बने बेहद बड़े परिसर में हो रहा है।भारत के लिए 1996 से 2002 के बीच 15 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 54 साल के जोशी मौजूदा समय में पंजाब किंग्स आईपीएल टीम में रिकी पोंटिंग के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने घरेलू सत्र के दौरान उत्तर प्रदेश को भी कोचिंग दी है। उन्होंने बांग्लादेश की राष्ट्रीय पुरुष टीम के साथ स्पिन गेंदबाजी सलाहकार के रूप में भी काम किया है। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार जोशी सीओई के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और महाप्रबंधक (क्रिकेट संचालन) अब्बे कुरुविला सहित तीन सदस्यीय पैनल के सामने ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। साक्षात्कार के लिए चार अन्य लोग भी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए जिनमें भारत की अंडर-19 महिला टीम की कोच नूशिन अल खादीर भी शामिल हैं। वह अपने खेल के दिनों में ऑफ स्पिनर थीं। उन्होंने पांच टेस्ट और 78 वनडे मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया और पिछले कुछ वर्षों से एनसीए प्रणाली का हिस्सा रही हैं।

### भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने एशियाई कप के लिये क्वालीफाई किया

**बैंकॉक :** भारतीय महिला बेसबॉल टीम ने यहां चल रहे क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर सोमवार को एशियाई कप के लिये क्वालीफाई कर लिया। भारत ने थाईलैंड को 6 . 5 से हराया और सुपर राउंड चरण में दूसरे स्थान पर रहा जबकि इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा। सुपर राउंड से शीर्ष दो टीमें एशिया कप में पहुंची हैं। अब मंगलवार को स्वर्ण पदक के लिये भारत का सामना इंडोनेशिया से होगा जबकि थाईलैंड और पाकिस्तान कांस्य पदक के लिये खेलेंगे। आठ टीमों के महिला बेसबॉल एशिया कप क्वालीफायर में भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, श्रीलंका और ईरान को हराकर शीर्ष रहा जबकि इंडोनेशिया ग्रुप बी में शीर्ष रही। सुपर राउंड में भारत को इंडोनेशिया ने हराया जबकि भारत ने थाईलैंड पर जीत दर्ज की।

### भारत के 21 मुक्केबाज जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे

**अम्मान (जॉर्डन) :** भारत ने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है जिसमें छह महिलाओं सहित सात और मुक्केबाजों ने अंडर-17 फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत ने अब तक 43 पदक पक्के कर लिये हैं जिसमें से अंडर-15 और अंडर-17 वर्ग में 21 मुक्केबाज स्वर्ण के लिए मुकाबला करेंगे। अंडर-17 महिला मुक्केबाज अहाना शर्मा (50 किग्रा) ने रविवार को किर्गिस्तान की अकमारल अमांतायेवा पर शुरुआती दौर में ही नॉकआउट जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। खुशी चंद (44-46 किग्रा) ने यूक्रेन की ओलेक्सांद्रा चेरेवाटा को 3-2 से हराया, जबकि जन्नत (54 किग्रा), सिमरनजीत कौर (60 किग्रा), हर्सिका (63 किग्रा) और अंशिका (80 किग्रा से अधिक) ने भी शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। पुरुषों के अंडर-17 वर्ग में देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम के गुयेन ट्रोंग तिएन को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहला आयोजन है, जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन प्राप्त है।



## न्यूज ब्रीफ


### यूको बैंक सरकारी हिस्सेदारी घटाने के लिए जारी करेगा 270 करोड़ शेयर

**कोलकाता :** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने सरकार की हिस्सेदारी को घटाकर 75 प्रतिशत पर लाने के लिए चालू वित्त वर्ष में 270 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी करने की योजना बनाई है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कदम मार्च तिमाही में आए सफल पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) के बाद उठाया गया है। क्यूआईपी के दौरान बैंक ने 2,000 करोड़ रुपये जुटाए, जिससे सरकार की बैंक में हिस्सेदारी 95.39 प्रतिशत से घटकर 90.95 प्रतिशत रह गई।

### भारत, ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** भारत और ब्रिटेन ने सोमवार को दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर लंदन पहुंचे हैं। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'अपनी पहली बैठक में, मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन के व्यापार और उद्योग मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक सार्थक बैठक की। इससे भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिला।' एफटीए पर बातचीत अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है और दोनों पक्ष बाकी बचे मुद्दों को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। द्विपक्षीय निवेश संधि पर चर्चा करने के लिए हाल में ब्रिटेन का एक दल भारत आया था।

# रिलायंस में जोरदार लिवाली से सेंसेक्स 1,006 अंक उछला, निफ्टी 24,300 के पार



**मुंबई :** रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं निजी बैंकों के शेयरों में तेज उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार दो दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहे। मानक सूचकांक सेंसेक्स में 1,006 अंक और निफ्टी में 289 अंकों की जोरदार तेजी दर्ज की गई। विश्लेषकों के मुताबिक, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुआ तनाव भी बाजार की सकारात्मक धारणा पर कोई असर नहीं डाल पाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,005.84 अंक यानी 1.27 प्रतिशत उछलकर 80,218.37 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,109.35 अंक बढ़कर 80,321.88 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 289.15 अंक यानी 1.20 प्रतिशत बढ़कर 24,328.50 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 23 कंपनियां बढ़त के साथ बंद हुईं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने इस तेजी में शिरकत की। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 5.27 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ सेंसेक्स शेयरों में सबसे अधिक लाभ में रही। दिग्गज कंपनी की मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ में 2.4 प्रतिशत वृद्धि बाजार अनुमानों से अधिक है। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में भी 2.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एसएमएल इसुजु का 555 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा से महिंद्रा के शेयरों में लिवाली का जोर रहा जबकि एसएमएल इसुजु लिमिटेड के शेयरों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा सन फार्मा, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला।

### वर्ष 2024-25 में 'आधार' के जरिये 2,707 करोड़ सत्यापन किए गए

**नयी दिल्ली :** 'आधार' कार्ड धारकों ने वित्त वर्ष 2024-25 में सत्यापन के लिए 2,707 करोड़ से अधिक लेनदेन किए जिनमें से 247 करोड़ सत्यापन अकेले मार्च महीने में ही किए गए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मार्च 2025 में आधार के जरिये सत्यापन की कुल संख्या (246.75 करोड़) पिछले वर्ष की इसी अवधि के साथ फरवरी 2025 में किए गए सत्यापन से भी अधिक है। इसके साथ ही 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या यानी आधार की शुरुआत के बाद से अब तक हुए सत्यापन लेनदेन की कुल संख्या 14,800 करोड़ से अधिक हो गई है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा विकसित कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग पर आधारित आधार चेहरा सत्यापन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिल रही है।

## होटल, रेस्तरां को देनी होगी बिना दूध वाले पनीर के उपयोग की जानकारी; मंत्रालय कर रहा विचार



**नयी दिल्ली :** होटल और रेस्तरां को जल्द ही यह बताना पड़ सकता है कि वे ग्राहकों को परोसे जाने वाले किन व्यंजनों में दूध से बने पनीर की जगह गैर-डेयरी उत्पादों से तैयार पनीर का उपयोग करते हैं। उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करने पर विचार कर रहा है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने उपभोक्ताओं को धोखा देने से रोकने के लिए पनीर बनाने वालों के लिए एनालॉग पनीर को 'गैर-डेयरी' के रूप में लेबल करना पहले ही अनिवार्य कर दिया है। हालांकि, ये नियम वर्तमान में रेस्तरां में परोसे जाने वाले तैयार भोजन पर लागू नहीं होते हैं। एफएसएसएआई के नियमों के अनुसार, एनालॉग पनीर एक ऐसा उत्पाद है जिसमें दूध के घटकों को या तो पूरी तरह या आंशिक रूप से गैर-डेयरी सामग्री से बदल दिया जाता है, हालांकि, अंतिम उत्पाद पारंपरिक डेयरी आधारित पनीर की तरह ही लगता है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'एनालॉग पनीर दिखने और स्वाद में पारंपरिक पनीर जैसा होता है, लेकिन यह पनीर नहीं है। एनालॉग पनीर सस्ता है। होटल और रेस्तरां उपभोक्ताओं को इसके बारे में क्यों नहीं बताते हैं।' खरे ने कहा कि प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि व्यंजनों में पारंपरिक पनीर है या गैर-डेयरी उत्पादों से बना पनी (एनालॉग) पनीर है और उसी के अनुसार उनकी कीमत तय करनी चाहिए।

### बैंक एटीएम में 100 रुपये, 200 रुपये के नोट भी रखें: आरबीआई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एटीएम से 100 रुपये और 200 रुपये के नोट भी निकलें। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जनता को इन नोटों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालकों (डब्ल्यूएलएओ) को इस निर्देश को चरणबद्ध तरीके से लागू करना होगा। गैर-बैंकिंग संस्थाओं द्वारा संचालित एटीएम को 'व्हाइट लेबल एटीएम' (डब्ल्यूएलए) कहा जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक परिपत्र में कहा, ''अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले मूल्यवर्ग के बैंक नोट तक जनता की पहुंच बढ़ाने के लिए यह फैसला किया गया है कि सभी बैंक और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालक (डब्ल्यूएलएओ) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके एटीएम से नियमित आधार पर 100 रुपये और 200 रुपये के नोट भी निकलें।'

## भारत में एप्पल ऐप स्टोर ने 2024 में बिलिंग व बिक्री से 44,447 करोड़ रुपये किए अर्जित



**नयी दिल्ली :** भारत में एप्पल ऐप स्टोर परिवेश ने 2024 में डेवलपर बिलिंग और बिक्री से 44,447 करोड़ रुपये (5.31 अरब अमेरिकी डॉलर) अर्जित किए। कंपनी ने सोमवार को जारी एक नए अध्ययन में यह बात कही। भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) के प्रोफेसर विश्वनाथ पिंगली द्वारा किए गए अध्ययन में सामने आया कि 94 प्रतिशत से अधिक राजस्व केवल डेवलपर और व्यवसायों से हासिल हुआ। इसमें एप्पल को कोई 'कमीशन' नहीं दिया गया। अध्ययन के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत स्थित डेवलपर की वैश्विक आय तीन गुना बढ़ी है, जो ऐप स्टोर द्वारा प्रदान किए जाने वाले जबरदस्त व्यावसायिक अवसर व वैश्विक पहुंच को उजागर करती है। ऐप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'ऐप स्टोर भारत और दुनिया भर के डेवलपर के लिए एक आर्थिक चमत्कार रहा है और हम उनके काम का समर्थन करने को उत्साहित हैं' उन्होंने कहा कि यह अध्ययन भारत की अविश्वसनीय रूप से जीवंत ऐप अर्थव्यवस्था की शक्ति को रेखांकित करता है। कुक ने कहा, 'हम सभी स्तर के डेवलपर की सफलता में निवेश जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि वे ऐसे ऐप बनाते हैं जो महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं और साथ ही लोगों के जीवन को समृद्ध बनाते हैं।' प्रोफेसर पिंगली के अध्ययन में भारत में ऐप स्टोर परिवेश को आकार देने वाले प्रमुख चालकों का भी उल्लेख किया गया जिसमें खाद्य वितरण, यात्रा, गेमिंग व मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में ऐप के इस्तेमाल में बढ़ोतरी शामिल है।

## न्यूज अपडेट

### सोना 1,000 रुपये टूटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नयी दिल्ली :** कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 99,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछला बंद भाव 98,900 रुपये प्रति 10 ग्राम था। अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने से निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी है, जिससे सर्राफा जैसी सुरक्षित-संपत्तियों की मांग कम हुई है। जबकि डॉलर के मजबूत होने से सोने पर दबाव बढ़ा है।''

### रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 18 पैसे मजबूत होकर 85.23 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 18 पैसे की तेजी के साथ 85.23 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के रुख के बीच रुपये में मजबूती आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से भी निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय पर रुपया 85.29 प्रति डॉलर पर खुला। दिन में वह 84.96 प्रति डॉलर के उच्च और 85.42 प्रति डॉलर के निम्न स्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 85.23 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की मजबूती है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.41 पर बंद हुआ था।

### पाकिस्तान को भारतीय वस्तुओं के अप्रत्यक्ष निर्यात की जांच कर रही है सरकार: सूत्र

**नयी दिल्ली :** सरकार तीसरे देशों के रास्ते पाकिस्तान को भारतीय वस्तुओं के अप्रत्यक्ष निर्यात की मात्रा का पता लगाने के लिए आंकड़े एकत्रित कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस कवायद का मकसद पड़ोसी देश तक इस तरह की खेप को रोकना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने के मद्देनजर सरकार उद्योग के साथ मिलकर हवाई मार्ग के जरिये माल पहुंचाने के वैकल्पिक मार्गों पर विचार कर रही है। पश्चिम एशिया के देशों को फूल, फल और सब्जियों जैसे सामान हवाई मार्गों के जरिये निर्यात किए जाते हैं। ये प्रतिबंध पिछले हफ्ते पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद लगाए गए हैं। इस भीषण घटना में 26 लोग मारे गए थे। सूत्रों ने कहा कि निर्यात के आंकड़े सीमा शुल्क, निर्यात संवर्धन परिषदों और अन्य विभागों से जमा किए जा रहे हैं। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई के अनुसार 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य का भारतीय माल हर साल दुबई, सिंगापुर और कोलंबो जैसे बंदरगाहों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान पहुंच रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारतीय कंपनी इन बंदरगाहों पर माल भेजती हैं, जहां एक स्वतंत्र कंपनी माल उतारती है और उत्पादों को बॉन्डेड वेयरहाउस में रखती है, जहां माल को शुल्क का भुगतान किए बिना रखा जा सकता है। संस्थान ने कहा कि इसके बाद माल के लेबल और दस्तावेजों को मूल देश से अलग दिखाने के लिए संशोधित किया जाता। ऐसे में लगता है कि माल किसी तीसरे देश से आ रहा है और फिर उसे ऊंचे दामों पर बेचा जाता है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4221 अंक 031, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in